



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 271/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 13 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


पीएम मोदी का हमला, कहा-

# कांग्रेस और राजद ने तुष्टिकरण को सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया

**पटना।** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने तुष्टिकरण को सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया। इंडी एलायंस का हर दल राम मंदिर के लिए भद्दी भद्दी बातें कर रहा है। राम मंदिर को गाली देकर आपको चिढ़ा रहे हैं। राजद और कांग्रेस की प्राथमिकता आपलोग नहीं हैं। बल्कि उनका अपना वोट बैंक है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार में जंगलराज लाने वाले जो व्यक्ति हैं, जिनको चारा घोटाले में कोर्ट ने गुनहगार माना है और सजा दी है, उन्होंने एक बयान दिया कि मुसलमानों को आरक्षण दिया जाना चाहिए, वो भी पूरा का पूरा। यानी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिलने वाला पूरा आरक्षण अब ये मुसलमानों को देना चाहते हैं। इनलोगों को न बाबा साहेब की परवाह है और न ही संविधान की परवाह है।



बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी पटना के श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां मत्था टेका, अरदास की और लंगर में खाना खाया। इसके बाद पीएम ने लंगर में पंगत में बैठे लोगों के लिए रोटियां बेलीं और खाना परोसा। यहां उनके साथ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी थे। यहां से पीएम मोदी मुजफ्फरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने यहां भी कांग्रेस और राजद पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में जो चारा वाले हैं, उन्होंने और भी खतरनाक बयान दिया है। वह दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े और आदिवासी के आरक्षण को लूटकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा लेकिन आपको न संविधान को हाथ लगाने दूंगा और न ही आरक्षण के साथ खिलवाड़ करने दूंगा। धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं मिलेगा। यह मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी सरकार ने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया। पीएम ने पूछा कि साथियों मोदी का वारिस कौन है? आप बता सकते हैं। मोदी के वारिस आप हैं। आपका परिवार और आपके बच्चे हैं। इसलिए मुझे आपको सबकुछ देकर जाना है। मुझे आपको सुख चैन की जिंदगी देकर जाना है। मुझे आपको विकसित भारत आपके हाथ में सौंपकर जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि सिर्फ मुद्रा योजना के जरिए ढाई लाख करोड़ रुपये की मदद बिहार के युवाओं को दी गई। वह भी मोदी की गारंटी पर। मोदी को बिहार के युवाओं पर भरोसा है।

### 10 साल में मोदी ने दो हजार दो सौ करोड़ रुपये जब्त किया

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने मिलकर बिहार के साथ खिलवाड़ किया है। महिलाओं के आरक्षण का यह लोग विरोध करते थे। राजद और कांग्रेस की विकृत मानसिकता के कारण महिलाओं को आरक्षण नहीं मिला। लेकिन, जब आपने मुझे संसद भेजा तो मैंने महिलाओं को आरक्षण दिया था। राजद के शासनकाल में केवल अपहरण उद्योग था। हाजीपुर वालों ने देखा है जंगलराज। मोदी विकसित भारत और विकसित बिहार का सपना लेकर निकला है। भ्रष्टचारियों के खिलाफ लड़ाई पहली प्राथमिकता है। गरीबों के पैसों की लूट मुझे सोने नहीं देती है। जब केंद्र में कांग्रेस और राजद की सरकार थी तो ईडी ने 10 साल में 35 लाख रुपये पूरे देश में जब्त किया था। इतना पैसा तो स्कूल बैग में भर जाए। चोरी करने वाले चोरी कर रहे थे। जब मोदी आया तो चोरों का घर सर्च किया। पिछले 10 साल में मोदी ने दो हजार दो सौ करोड़ रुपये जब्त किया। इसके लिए 70 छोटे वाले ट्रक लगते हैं। इसलिए यह लोग मोदी को गाली दे रहे। इनलोगों ने आपको लूटकर नौकरी के बदले जमीन लिखावाई। जिसने गरीब की जमीन छीना, वह बचकर नहीं जाएगा। मोदी के सेवाकाल में देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है।

# 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग, 3 लोगों की मौत

## आंध्र में विधायक-वोटर ने एक-दूसरे को थप्पड़ मारे, 1 बजे तक 40.32 प्रतिशत वोटिंग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग चल रही है। सुबह 1 बजे तक सभी लोकसभा सीटों पर 40.32 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 51.87त्न और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 23.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में 40.26 प्रतिशत और ओडिशा विधानसभा के फर्स्ट फेज में 39.30 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हो रहा है।

चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हुई है। पश्चिम बंगाल के बोलपुर में वोटिंग से एक दिन पहले टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या हो गई। टीएमसी ने सीपीआई (एम) समर्थकों पर बम धमाके का आरोप लगाया है। दुर्गापुर में भाजपा और टीएमसी समर्थकों की बीच झड़प हुई है।

### पोलिंग एजेंट और पत्रकार की मौत

बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में लिया है। महाराष्ट्र के बीड में एक न्यूज चैनल के पत्रकार की हार्ट अटैक से मौत हुई है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से एक वीडियो सामने आया है। यहां एमएलए अन्नाबाथुनी शिवकुमार ने एक वोटर को थप्पड़ जड़ दिया। जवाब में वोटर ने भी उनहें थप्प्ड़ मार दिया। इसके बाद विधायक समर्थकों ने शख्स की पिटाई कर दी। शख्स ने विधायक को कतार में नहीं आने पर टोका, जिस पर विवाद हुआ। सुबह 11 बजे तक सभी लोकसभा सीटों पर 24.87 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 32.78 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 14.94 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में 23.00 प्रतिशत और ओडिशा में 23.28 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है।




### प्रत्याशी बोली- वोट हमारी पार्टी को पड़ रहा, जा कहीं और रहा

शाहजहांपुर में सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ने चुनाव में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। ज्योत्सना कश्यप ने बूथों के निरीक्षण के दौरान आरोप लगाया कि कई जगह पर मतदाता सूची और ईवीएम में गड़बड़ी की जा रही है। वोट हमारी पार्टी को पड़ रहा है और जा कही और रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार लोगों के पास कई मुद्दे हैं। जिनको लेकर मतदाता वोट कर रहे हैं।

### सबसे ज्यादा उम्मीदवार तेलंगाना में

इस चरण में 1717 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी। इनमें सबसे ज्यादा 525 उम्मीदवार तेलंगाना से हैं। जहां की सभी 17 सीटों पर चुनाव होना है। इसी तरह की आंध्र प्रदेश की कुल 25 सीटों पर 454 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र की 11 सीटों पर 298, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 130, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर 75 और मध्य प्रदेश की आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, बिहार की पांच सीटों पर 55, झारखंड की चार सीटों पर 45, ओडिशा की चार सीटों पर 37 और जम्मू एवं कश्मीर की एक सीट 24 उम्मीदवार उतरे हैं।

### चौथे चरण में 476 करोड़पति

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 10 राज्यों में लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे 1717 उम्मीदवारों में से 1710 के शपथ पत्रों पर एक रिपोर्ट जारी की है। सात उम्मीदवारों के शपथ पत्र में स्पष्टता नहीं होने के कारण उनका विवरण शामिल नहीं किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 1710 उम्मीदवारों में से 360 (21त्न) उम्मीदवार दागी हैं। इन पर अलग-अलग मामले चल रहे हैं। वहीं, 476 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने खुद को करोड़पति बताया है। चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों के पास औसतन 11.72 करोड़ की संपत्ति है।

# मध्यप्रदेश की 8 सीटों पर 1 बजे तक 48.52 प्रतिशत वोटिंग





**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 सीटों पर सोमवार दोपहर 1 बजे तक 48.52 प्रतिशत वोट पड़े। इंदौर में कांग्रेस कैंडिडेट के नाम वापस लेने के बाद कम वोटिंग की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती दिख रही है। यहां सबसे कम 36.60 प्रतिशत मतदान हुआ है। इंदौर के अलावा उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, धार, खरगोन और खंडवा में वोटिंग हो रही है। सबसे ज्यादा 35.83 प्रतिशत वोटिंग देवास में हुई है। सभी सीटों पर खराबी के कारण दोपहर तक 60 बैलेट यूनिट बदलने पड़े।



### मुख्यमंत्री ने मतदान केंद्र पहुंच कर किया मतदान



उज्जैन मतदान केंद्र पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहुंचे और मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान किया। और सभी लोगो से मतदान करने की अपील की।

उज्जैन के वार्ड-37 के बूथ की पीठासीन अधिकारी आरती को कलेक्टर ने हटा दिया है। आरोप है कि वे वोटर्स को एक पार्टी के लिए वोट देने का कह रही थीं। कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार उनके खिलाफ धरने पर बैठ गए। इसके बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया। नीमच और आगर में कुछ जगह वोटरों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। इंदौर में कांग्रेस ने कुछ बूथों पर नोटा का टेबल लगाया है। रतलाम शहर में एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से भाजपा नेता नाराज हो गए। इंदौर में वोट डालने वालों को 56 दुकान में फ्री नाश्ता कराया जा रहा है। धार के मनावर में आंधी और बारिश से एक बूथ का टेंट गिर गया। उज्जैन में बच्चों ने मलखंभ कर वोटिंग की अपील की। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।



संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मतदान केन्द्र पर , एक बुजुर्ग मतदाता नर्मदा बाई की मतदान करने जाते हुए मदद करते हुए।

### इंदौर में कांग्रेस ने बूथों पर लगाया नोटा का टेबल

इंदौर में कांग्रेस ने कुछ बूथों पर नोटा का टेबल लगाया है। कांग्रेस कैंडिडेट के नाम वापस लेने के बाद कम वोटिंग की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती दिख रही है। यहां सबसे कम 25.01 प्रतिशत मतदान हुआ है। रतलाम शहर में एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से भाजपा नेता नाराज हो गए। इंदौर में वोट डालने वालों को 56 दुकान में फ्री नाश्ता कराया जा रहा है। धार के मनावर में आंधी और बारिश से एक बूथ का टेंट गिर गया।

### शाजापुर में दो मतदान केंद्र पर 12 बजे तक एक भी वोट नहीं डला

शाजापुर विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 65 ग्राम गोपीपुर और मतदान केंद्र क्रमांक 64 ग्राम लौड़ाखेड़ी के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का बहिष्कार किया है। 12 बजे तक एक भी ग्रामीण ने यहां वोट नहीं डाला। मतदान केन्द्रों के बाहर ग्रामीण इकट्ठा होकर नारेबाजी भी कर रहे थे।

### इंदौर में वोट डालने पर मिला मुफ्त पोहा-जलेबी और आइस्क्रीम

मुफ्त नाश्ता और आइस्क्रीन मिलने की सूचना पर इंदौर की प्रसिद्ध 56 दुकान पर बड़ी संख्या में पोहे-जलेबी के शौकीन लोग मतदान कर पहुंच गए थे। 56 दुकान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच वोट डालने वालों को निशुल्क पोहा-जलेबी देने की घोषणा की थी। यहां वोटिंग के बाद मुफ्त पोहा-जलेबी खाने वालों की लंबी लाइनें लग गईं।

### उज्जैन में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार धरने पर बैठे

उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार सोमवार सुबह 8.30 बजे उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 37 पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने इस केंद्र पर नियुक्त आरती नामक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में वोट की अपील करने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर कुछ देर तक विवाद की स्थिति बन गई।



### उज्जैन में पीठासीन अधिकारी ने लगाए मोदी-मोदी के नारे, कांग्रेस प्रत्याशी धरने पर

देश में सोमवार यानी 13 मई को लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण का मतदान शुरू हो गया है। 19 अप्रैल से शुरू हुए चुनाव में अब तक तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है। अब चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर मतदान हो रहा है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25 सीटों, बिहार की 40 में से पांच सीटों, झारखंड की 14 में से चार सीटों, मध्य प्रदेश की 29 में से आठ सीटों, महाराष्ट्र की 48 में से 11 सीटों के लिए मतदान हो रहा है।




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज रीवा पहुँचकर नगर निगम के पूर्व महापौर शिवेंद्र सिंह पटेल जी के अंत्येष्टि में सम्मिलित हुए। शुक्ल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं।

सीबीएसई बोर्ड परिणाम

# 12वीं में 87.98, 10वीं में 93.60 प्रतिशत हुए पास

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 12वीं का रिजल्ट जारी करने के एक घंटे बाद अब 10वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। 10वीं क्लास में कुल 22,38,827 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 20,95,467 पास हुए हैं।



पास प्रतिशत 93.60 प्रतिशत रहा है जो पिछले साल से 0.48 प्रतिशत ज्यादा है। 10वीं में लड़कियों का रिजल्ट 94.75 प्रतिशत जबकि लड़कों का रिजल्ट 92.72 प्रतिशत रहा है। इस बार 12वीं में 87.98 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। पिछले साल की तुलना में पासिंग पर्सेंटेज 0.65 प्रतिशत बढ़ा है। लड़कों की तुलना में लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज 6.40 प्रतिशत ज्यादा है। इस बार 91 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं।

### 1,16,145 स्टूडेंट्स को मिले 90 प्रतिशत से अधिक अंक

सीबीएसई क्लास 12वीं के फाइनल एग्जाम में 24,068 स्टूडेंट्स को 95 प्रतिशत या उससे अधिक मार्क्स मिले, जो पास हुए कुल स्टूडेंट्स का 1.48 प्रतिशत है। वहीं, 1,16,145 स्टूडेंट्स ने 90 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक हासिल किए। यह पास हुए कुल स्टूडेंट्स का 7.16 प्रतिशत है।

## भाजपा उम्मीदवार बनी IPS अधिकारी का इस्तीफा मंजूर!

**चंडीगढ़।** बठिंडा से भाजपा की उम्मीदवार और आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू के इस्तीफे को मंजूरी मिल गई। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति अनुरोध को पंजाब सरकार द्वारा मंजूरी देने से इनकार के बाद, उन्होंने अपना इस्तीफा केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को भेजा था। जानकारी के अनुसार, केंद्र ने उनके इस्तीफे को मंजूरी दे दी है और शुक्रवार देर रात राज्य सरकार को भेजे एक पत्र के माध्यम से टिप्पणियां और अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा था। सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने पुष्टि की है कि राज्य सरकार ने एनओसी दे दी। इसके साथ ही 2011 बैच की आईएएस अधिकारी और अकाली दल नेता सिकंदर सिंह मलूका की बहू के लिए एक जून को होने वाला लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलेंगे। परमपाल कौर सिद्धू ने राज्य की आम आदमी पार्टी के रवैये पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया कि मैं अपने सेवानिवृत्ति लाभ खो दूंगी।



## राहुल गांधी बोले- रायबरेली मेरी दो माताओं की कर्मभूमि है इसलिए मैं यहां चुनाव लड़ने आया हूं

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने जिले के महाराजगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी दो माताएं हैं। एक सोनिया गांधी और दूसरी इंदिरा गांधी जिन्होंने मेरी रक्षा की है। मुझे सिखाया है। रायबरेली मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है। इसलिए मैं यहां से चुनाव लड़ने आया हूं।

राहुल ने कहा कि रायबरेली से हमारे परिवार का रिश्ता 100 साल पुराना है। यह चुनाव इतिहास का पहला चुनाव है जिसमें संविधान की रक्षा की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। भाजपा और आरएसएस संविधान की किताब फाड़ डालेंगे और गरीबों के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे।




प्रधानमंत्री और भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि यह अडानी और अंबानी की सरकार बनाने जा रहे हैं। इन दो लोगों के लिए ही संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

## अरुण यादव संविधान की प्रति लेकर मतदान करने पहुंचे

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव एवं पूर्व मंत्री सचिन यादव ने परिजनों के साथ गृह ग्राम बोरावां (खरगोन) में मतदान किया। अरुण यादव अपने हाथ में संविधान की प्रति लेकर पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करने पर उतारू है हम बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान की मरते दम तक रक्षा करेंगे।





उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल लोकसभा निर्वाचन-2024 की व्यस्तताओं के बीच आज मेरे घर पधारे। हम सभी ने उनके आगमन पर उनका अली परिवार के प्रति स्नेह, प्रेम और सम्मान के लिए पुष्प-गुच्छ से स्वागत कर हृदय से आभार प्रकट किया।

# सार्वजनिक स्थलों से कचरे-मलमे के ढेर तत्काल हटाएं: निगमायुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त ने शनिवार को पुराने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अनेक स्थानों पर कचरे-मलमे के ढेरों को तत्काल उठवाकर बेहतर साफ-सफाई कराने तथा कहीं भी जीवीपी न बनने देने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने सड़कों पर खड़े वाहनों, ठेले-गुमठी आदि के नीचे व आसपास की भी बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने जोन क्र. 05 में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था में शीघ्रता से सुधार लाने की चेतावनी भी दी। निगम आयुक्त ने पुतलीघर के पास एक स्थान पर सड़क पर कचरा फेंकते व्यक्ति पर अपने समक्ष ही 05 सौ रूपये का स्पॉट फाईन कराया।



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को प्रात: किलोल पार्क, गिन्नौरी रोड, हाथीखाना, बुधवारा चार बत्ती चौराहा, इकबाल मैदान, मोतिया तालाब, इस्लामीगेट ग्राउण्ड, पुतलीघर बस स्टैण्ड इत्यादि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। निगम आयुक्त नारायन ने किलोल पार्क के पीछे पड़े कचरे-मलमे को उठवाकर साफ-सफाई कराने, गिन्नौरी रोड, हाथीखाना, बुधवारा चार बत्ती चौराहा आदि क्षेत्रों में जीवीपी का रूप धारण करते कचरे-मलमे के ढेरों को तत्काल उठवाने तथा बेहतर साफ-सफाई कराने, सड़कों पर खड़े वाहनों, गुमठी-ठेलों के नीचे व आसपास के कचरे को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने इकबाल मैदान का निरीक्षण करते हुए मैदान की सीढ़ियों के नीचे की साफ-सफाई कराने, कचरा-मलमा उठवाने, मोतिया तालाब के पास से मलमे के ढेर उठवाने, पुतलीघर बस स्टैण्ड के सामने पड़े मलमे को साफ कराने तथा इस्लामीगेट के पास स्थित मैदान की बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त ने जोन क्र. 05 में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मी होने के बाद भी साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को चेतावनी देते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। निगम आयुक्त ने पुतलीघर के पास सड़क पर कचरा फेंकने वाले व्यक्ति अमन पर भी 05 सौ रूपये का स्पॉट फाईन अपने समक्ष ही कराया।

# दहेज के लिए दो करोड़ की मांग पर साफ्टवेयर इंजीनियर दंपति में हुआ विवाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी भोपाल के महिला थाने में एक साफ्टवेयर इंजीनियर महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए दो करोड़ रुपए की भारी रकम की मांग का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता, जो खुद भी एक साफ्टवेयर इंजीनियर हैं, ने बताया कि उनकी शादी 8 जुलाई 2022 को परिवार की सहमति से हुई थी और वह अपने पति के साथ पुणे में रहती थीं।

आरोपों के अनुसार, पति लविश डायर और उनके माता-पिता ने इंदौर में एक मकान खरीदने के लिए पीड़िता से दो करोड़ रुपए की मांग की। पीड़िता ने जब इस अनुचित मांग को पूरा करने से इनकार किया, तो उन्हें कथित रूप से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इससे तंग आकर वह अपने मायके लौट आईं और अपने परिजनों के साथ रहने लगीं।

परिजनों द्वारा समझौता कराने के प्रयासों के बावजूद, पति और उनके माता-पिता अपनी मांग पर अड़े रहे। अंतत: पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने दहेज एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस घटना ने दहेज प्रथा के खिलाफ चल रहे संघर्ष को एक बार फिर से उजागर किया है, और यह दिखाता है कि यह समस्या समाज के हर वर्ग में मौजूद है। दहेज की मांग और इसके कारण होने वाली प्रताड़ना एक गंभीर अपराध है, और इसके खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान हैं।

# भोपाल में व्यापारी की आत्महत्या के मामले में सोम डिस्टलरी के संचालकों पर आरोप

भोपाल। एमपी नगर क्षेत्र में एक दुखद घटना में, एक स्थानीय व्यापारी ने कथित तौर पर सोम डिस्टलरी के संचालकों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद अपनी कार में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने अपनी पत्नी को एक वीडियो संदेश भेजा था, जिसमें उन्होंने सोम डिस्टलरी के मालिकों पर वित्तीय अनियमितताओं और पेमेंट न करने के आरोप लगाए। इस घटना के बाद, पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है जिसमें कर्ज से परेशान होने की बात लिखी गई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिता ने सोम डिस्टलरी में काम किया था और उन्होंने फर्म के संचालकों पर उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग करने और उन्हें वित्तीय रूप से नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए। पुलिस वीडियो संदेश और सुसाइड नोट के आधार पर जांच कर रही है और मृतक के परिवार के बयान दर्ज कर रही है। इस मामले में आगे की कार्रवाई जांच पूरी होने के बाद तय की जाएगी। इस घटना ने व्यापारिक समुदाय में चिंता और दुख की लहर दौड़ा दी है, और यह भी दिखाता है कि कैसे वित्तीय दबाव और प्रताड़ना व्यक्तियों को चरम कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकती है। इस घटना की गहन जांच की जा रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# भोपाल में नाबालिग के साथ दुर्व्यवहार की घटना, परिवार के सदस्य पर लगा आरोप

**भोपाल।** राजधानी के देहाती इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ उसके ही मामा द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है। यह घटना परवलिया सड़क थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक पारिवारिक समारोह के दौरान बच्ची को उसके मामा ने अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस के अनुसार, बच्ची जो चौथी कक्षा की छात्रा है, अपने परिवार के साथ एक मुंडन समारोह में शामिल होने आई थी। आरोपी, जो खुद दो बच्चों का पिता है, ने रात के समय बच्ची को बहला-फुसलाकर एक सुनसान मकान में ले गया और वहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया। बच्ची की चीखें सुनकर परिजन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। उसे पहले तो लोगों ने पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची के मामा के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस घटना ने समाज में रिश्तों की पवित्रता पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है और यह दर्शाता है कि कैसे नाबालिगों के प्रति अपराध अभी भी एक गंभीर समस्या है। बच्ची को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो थाईलैंड यात्रा से लौटने पर उपासिका और उपासक संघ ने किया स्वागत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी कोलार रोड में मैत्रीय बुद्ध महाविहार उपासिका संघ और बुद्धभुमि महाविहार उपासक संघ ने प्रदेश के वरिष्ट बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो का थाईलैंड यात्रा से लौटने पर भव्य स्वागत किया, अभिनंदन कर इस अवसर पर उपासिका/उपासक संघ ने चिवर दान कर धर्मगुरू से आशीर्वाद ग्रहण किया और इस अवसर पर भंते ने अपनी यात्रा के विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर 22 एवं 23 मई को तथागत बुद्ध की 2268वीं त्रिगुण पावन (जन्म, बुद्धत्व एवं महापरिनिर्वाण) बुद्ध पूर्णिमा महाउत्सव का भव्य आयोजन की तैयारियां को लेकर चर्चा की गई हैं। इस अवसर पर पी पी सोती, पी जे पुसे,चंद्रभान वासनिक, एस एस निम्बलकर, रामप्रसाद सिलोरिया, वंदना मुलताइकर, संघमित्रा ताईवादे, एल एल अहिरवार, धनंजय जंभुलकर,सुखदेव वाकोड़े, सुनीता सेजवाल, साधना भारती, रेखा मेश्राम, सुनिता शेजवाल, हरेंद्र भारतीय शैलेश जामभूलकर, रामेश्वर गजभिए और विभिन्न उपासक/उपासिका संघ के लोग उपस्थित थे।



# पश्चिम मध्य रेलवे ने डिजिटल पार्सल प्रबंधन सेवाओं का विस्तार किया

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) ने अपने डिजिटलीकरण प्रयासों को एक नई ऊंचाई दी है, जिसमें कम्प्यूटरीकृत पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा को 20 स्टेशनों तक विस्तारित किया गया है। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के नेतृत्व में, यह प्रणाली पार्सल सेवाओं को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने के लिए लागू की गई है।

पमरे के भोपाल मण्डल में भोपाल, बीना, इटारसी, हरदा, अशोक नगर, गुना, और संत हिरदारामनगर स्टेशनों सहित 7 स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है। जबलपुर मण्डल में जबलपुर, कटनी, सतना, रीवा, और अन्य स्टेशनों सहित 10 स्टेशनों पर, और कोटा मण्डल में कोटा, सवाई माधोपुर, और भरतपुर स्टेशनों पर यह सेवा उपलब्ध है। इस कम्प्यूटरीकृत सिस्टम के माध्यम से, पार्सल और लगेज की ट्रैकिंग सरल हो गई है, जिससे ग्राहकों को उनके सामान की स्थिति की तत्काल जानकारी मिलती है। इस प्रणाली से रेल कर्मचारियों को भाड़े की गणना में सहायता मिलती है और मानवीय त्रुटियों में कमी आती है। ग्राहकों को बुकिंग और वजन में लगने वाले समय में भी कमी आई है। पार्सल की पूरी जानकारी भारतीय रेल की पार्सल सेवा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# केजीएस कोचिंग ने टॉपर्स मीट का आयोजन किया



**भोपाल।** भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग में अग्रणी संस्थान खान स्टडी ग्रुप (केजीएस) भोपाल में टॉपर्स मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के उन छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिन्होंने हाल ही में हुई सिविल सेवा परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।चस्त्र संस्थान के विभिन्न कोर्सों से जुड़े हुए टॉपर्स जिसमे सचिन गोयल रैंक 209 समीर गोयल रैंक 222,आराधना चौहान रैंक 251 अर्नब भंडारी रैंक 232 ऋषभ भट्ट रैंक 363 एवं तनु जाट रैंक 450 शामिल हुए। केसीजी ने इन सभी टॉपर्स के साथ उनके अभिभावकों का भी सम्मान इस सेमिनार में किया। जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)परीक्षा में सफलता के उच्च स्तर तक अपने ख्याति को स्थापित किया है।चस्त्र ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्ड के संस्थापक और निदेशक डॉ खान ने कहा कि यूपीएससी में उचित रणनीति चयन की संभावना को काफी बढ़ा सकती है। इसलिए, हम चस्त्र में यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी रणनीति इस परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में आपकी मदद करे।

डॉ खान, जो एक कुशल शिक्षक, शिक्षाविद, विद्वान, विचारक और प्रेरक व्यक्तित्व हैं, विगत 30 वर्षों से सिविल सेवा के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं साथ ही अभ्यार्थियों के निबंध लेखन शैली और सिविल सेवा सर्विस से संबंधित बारीकियों पर ध्यान दिया जिसमें चस्त्र की विशेषज्ञता है और उन्होंने बताया कि इसके चलते ही सिविल सेवा परीक्षा (ष्टस्श्व) 2023 में 270+ छात्र चयन हुए। टॉपर्स ने अपनी सफलता का श्रेय चस्त्र के विशिष्ट फैकल्टी और मेंटर्स को दिया।

# पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भोपाल।** रातीबड़ थाना पुलिस ने 10 मई 2024 को एक गुप्त सूचना के आधार पर कलियासोत डैम के पास से तीन युवकों को अवैध धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से दो धारदार छुरियां और एक गुप्ती बरामद की गई। सूचना के अनुसार, आरोपी एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार थे, जिसकी नंबर प्लेट पर काला टेप लगा हुआ था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों की पहचान शौर्य सिंह विमल , तोहिद खान, और आलोक सिंह के रूप में हुई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज पटवा और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और विवेचना जारी है।

# रियाज़ कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 19 से, प्रदेश भर से एक दर्जन टीमें होगी शामिल




**भोपाल।** बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब कोहेफिजा के ऑनर शाहबाज कौसर ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे इंडोर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा लगातार टूर्नामेंट आयोजित किये जाते रहे है। इसी श्रृंखला में 16 से 19 मई तक चार दिवसीय,रियाज़ कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुनव्वार कौसर रहेंगे वह खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करेंगे! इस मैच का फाइनल 19.5.2024 को होगा! इस टूर्नामेंट में प्रदेश भर से लगभग 10 से 15 टीमों के भाग लेने की संभावना है इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को राशि रुपए 41000 नगद व ट्राफी एवं उपविजेता (रनर अप ) टीम को राशि रुपए 21000 नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी, साथ ही बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट बॉलर,मैन ऑफ़ द मैच एवं प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड,से भी विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मैडल देकर प्रोत्साहित किया जाएगा!

# बीएचईई थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी ने आयोजित किया उपहार वितरण समारोह

**भोपाल।** बी.एच.ई.ई. थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट को- ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड भोपाल के प्रांगण में उपहार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एच.ई.एल. भोपाल के कार्यपालक निदेशक श्रीमान एस.एम. रामनाथन जी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि महोदय का स्वागत संस्था अध्यक्ष- बसंत कुमार जी द्वारा शाल श्रीफल से किया गया एवं संस्था उपाध्यक्ष- राजेश शुक्ला, सचिव- निशा वर्मा, संचालक- आशीष सोनी, राजमल बैरागी, रजनीकान्त चौबे, किरण, राजकुमार इड़पाची, दीपक गुप्ता, निशांत कुमार नन्दा द्वारा स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला महोदय ने अपने भाषण में संस्था के बारे में जानकारी दी और संस्था सदस्यो को मिल रहे उपहार की बधाई दी ।

संस्था के अध्यक्ष महोदय ने अपने स्वागत उधबोधन सभी सदस्य गण को मिल रहे उपहार की बधाई दी और संस्था के कार्यों की जानकारी दी । मुख्य अतिथि महोदय ने संस्था के संचालक मंडल के कार्यों की प्रशंसा की और इसकी और उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा की संस्था का संचालन उच्च स्तर का है और बचत बाज़ार से मिलने वाले सामान की गुणवत्ता अच्छी है और वह भी इस संस्था के सदस्य होने पर गौराव महसूस कर रहे है द्य संस्था द्वारा दिए जाने वाले उपहार दैनिक उपयोग वाले और अच्छी क्वालिटी के होते हैं। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा मंच से संस्था सदस्यों को उपहार केंट कंपनी के वेट एंड ड्राई वैक्यूम क्लीनर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव निशा वर्मा द्वारा किया गया। संस्था सदस्यो से सभागार भरा हुआ था । कार्यक्रम में बी एच ई एल के महाप्रबंधक बी के सिंह, विपुल अग्रवाल, पी.के उपाध्याय, जी पी बघेल, रिजवान अहमद सिद्दीकी, आकाश दाणी, एस के महाजन जी उपस्थित थे। साथ ही साथ सैकड़ों की संख्या में सदस्यगण भी उपस्थित रहे। संचालक रजनीकांत चौबे द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# कांग्रेस अपने कर्मों से समाप्त हो रही, जो समझदार हैं भाजपा में शामिल हो रहे: डॉ. मोहन यादव

**प्रदेश कार्यालय में हुई चुनाव प्रबंधन बैठक, मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभ चुनाव प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी रहे मौजूद**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में रविवार को चुनाव प्रबंधन की बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की पोषक है और वह अपने कर्मों से ही समाप्त हो रही है। जो समझदार हैं भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी डूब रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों में चुनाव जीत रही है और दस प्रतिशत वोट शेयर भी बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि किसी पार्टी का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए यह मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं से सीखा जा सकता है। मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं में वास्तविक कार्यकर्ता के सभी गुण मौजूद है। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और अधिक से अधिक महिला मतदाता मतदान करें, इसके लिए भाजपा ने मध्यप्रदेश में पहली बर महिला वार रूम बनया है। महिला वार रूम बनाने से मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा और भाजपा का दस प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने का लक्ष्य भी प्राप्त होगा। चुनाव प्रबंधन की बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जो समझदार व्यक्ति हैं वे पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। क्योंकि उन लोगों को पता है कि कांग्रेस पार्टी डूबने वाली है। कांग्रेस अपने कर्मों से समाप्त हो रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा विरासत टैक्स लगाने की बात करते हैं, मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। उनकी पार्टी के महाराष्ट्र के नेता नाना पटोले कहते हैं कि राम मंदिर को अपवित्र कर दिया, हम राम मंदिर को गंगाजल से धोएंगे। हमारे देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने के पश्चात कांग्रेस के नेता राम मंदिर को गंगाजल से धोने की बात करके राष्ट्रपति के साथ देश के अनुसूचित जनजाति समाज का अपमान किया है। इस तरह की मानसिकता के लोग कांग्रेस को खुद ही समाप्त कर रहे हैं। कल चौथे चरण में मालवा-निमाड़ की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से अपने कार्य कर रहे हैं। चुनाव प्रबंधन में लगे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और संगठन की मेहनत से मालवा-निमाड़ की आठ सहित मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव जीत रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मतदाता भाजपा को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हुआ था। लेकिन भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत की और तीसरे चरण में अच्छा मतदान प्रतिशत रहा। मालवा व निमाड़ की जनता से हमेशा से भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। चुनाव प्रबंधन में लगीं सभी 36 टोलियों ने बहुत मेहनत की है। अच्छे चुनाव प्रंधन और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन और बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने जा रही है। नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की के लिए मध्यप्रदेश की जनता मतदान कर रही है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को 58 प्रतिशत वोट मिले थे, इस लोकसभा चुनाव में पार्टी का आठ से दस प्रतिशत वोट शेयर बढ़ने जा रहा है। चुनाव प्रबंध की टीम ने बहुत मेहनत की है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सभी की मेहनत से पार्टी ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी। अब हम सभी को कल चौथे चरण के मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्य करना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने सुबह 6 बजे से ही कार्यकर्ता मतदाताओं को वोट देने के लिए पार्टी कार्यकर्ता खासकर युवा कार्यकर्ता लोगों को घर से निकलकर मतदान करने जाने के लिए प्रेरित करें। लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि मैंने कई राज्यों में प्रवास किया है। कई राज्यों में चुनाव कार्य देखा है, लेकिन संगठन और कामकाज की दृष्टि से मध्यप्रदेश देश में नंबर वन राज्य है। यहां बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक सभी अपने कार्यों को बहुम ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्यों को निर्वहन करते हैं। एक कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए, उसमें क्या गुण होना चाहिए, यह मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं में अपने कार्यों से बताया है। वास्तविक कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए, यह मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं से सीखना चाहिए। यहां चुनाव प्रबंधन से लेकर संगठन सभी में आदर्श व्यवस्था है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चौकसे नगर पहुंचकर सलकनपुर सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को डीआईजी बंगला स्थित चौकसे नगर पहुंचकर सलकनपुर के पास हुए सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को सांत्वना दी एवं दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों का समुचित इलाज कराने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के निवास पर भरत पाण्डे, भारत पांडे, भूषण पाण्डेय, मोहित पांडे सहित परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि 10 मई को चौकसे नगर निवासी पाण्डे परिवार के 10 सदस्य साढ़े चार माह के बालक व्योम पाण्डेय का मुण्डन संस्कार के लिए रामसात बाबा का मंदिर नर्मदापुरम गए थे। मुण्डन कार्यक्रम के बाद सभी रहटी जिला सीहोर स्थित सलकनपुर माताजी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे, तभी भैरव घाट पर टवेरा गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें 7 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 5 लोग घायल हो गए। दो घायलों को एम्स अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान पूर्व महापौर आलोक शर्मा एवं जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 7 साल के मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर किया जख्मी

**भोपाल।** शहर की सड़कों पर घूमते आवारा श्वानों द्वारा लोगों और खासकर बच्चों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला जहांगीराबाद इलाके के जिंसी का है, जहां 7 साल के मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। कुत्तों के हमले से बच्चे के कमर के निचले हिस्से में कई जख्म आए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने कुत्तों को दूर हटाते हुए बच्चे को बचाया। जहांगीराबाद इलाके में तीन हफ्तों में बच्चे पर कुत्तों के हमले की यह तीसरी घटना है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैंक कालोनी, जिंसी में तासिन खान (7) शनिवार रात करीब 09 बजे सड़क पर खेल रहा था। तभी वहां घूम रहे कुत्तों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे नोंचने लगे। आसपास के लोगों ने दौड़कर उसे कुत्तों से बचाया। बच्चे के स्वजन तुरंत उसे लेकर जेपी अस्पताल पहुंचे, जहां बच्चे का उपचार किया गया और उसे इंजेक्शन लगाए गए।

गौरतलब है कि जहांगीराबाद के जिंसी इलाके में बीते तीन हफ्ते में आवारा श्वानों के हमले की यह तीसरी घटना है। विगत 24 अप्रैल को जहांगीराबाद इलाके में एक आवारा श्वान ने राह से गुजर रहे दो बच्चों पर हमला कर दिया था, जिन्हें आसपास के लोगों ने बचाया था। उस आवारा श्वान ने युवक को भी काटने की कोशिश की थी। उसके कुछ दिन बाद ही अफजल कालोनी में एक 12 वर्षीय बच्चे पर भी श्वान के हमले की घटना सामने आई थी। इलाके के लोग आवारा श्वानों के बढ़ते हमलों से परेशान हैं, इसके बावजूद नगर निगम का अमला कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## नर्सिंग स्टाफ ने आशापुरी गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य देखभाल वितरण की आधारशिला के रूप में काम करती हैं। हमारी नर्सों में निवेश हमारे भविष्य में निवेश है, हमारे नर्सिंग पेशेवरों का समर्पण और विशेषज्ञता न केवल मरीजों की भलाई में योगदान देती है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की भी अपार संभावनाएं रखती है। एम्स भोपाल की नर्सिंग सेवाओं द्वारा नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से 6 में से 13 मई तक नर्स सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी सिलिसिले में आज रायसेन जिले के आशापुरी गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय सिंह भी उपस्थित रहे। नर्सिंग स्टाफ ने रायसेन जिले के गांव में घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लाभ के बारे में बताया। और गांव वासियों के बीपी और शुगर की जांच के साथ उन्हें चिकित्सकीय मार्गदर्शन भी प्रदान किया। नर्सिंग स्टाफ ने पाया कि लगभग 40त्न घरों में बच्चों को टीके नहीं लगे थे। कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने कहा कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए, उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए टीका लगवाना बहुत ही आवश्यक है। इससे बच्चों में होने वाली बहुत सारी बीमारियों को रोका जा सकेगा।

# यूजी व पीजी की 7.84 लाख सीटों के लिए 13 दिनों में एक लाख से अधिक पंजीयन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश के 1275 सरकारी व निजी कालेजों में यूजी व पीजी में प्रवेश के लिए एक मई से पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। 13 दिनों में अब तक यूजी व पीजी में 9.85 लाख सीटों के लिए करीब एक लाख से अधिक पंजीयन हुए हैं । इसमें यूजी की 7.84 लाख सीटों के लिए करीब 88 हजार आवेदन हुए हैं । यूजी के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 20 मई है। सीट आवंटन 25 मई को होगा। वहीं पीजी में दो लाख सीटों के लिए अब तक 15 हजार आवेदन हुए हैं और पांच हजार सत्यापन हुए हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 21 मई और 29 मई को सीटों का आवंटन होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने वर्तमान सत्र में प्रवेश देने के लिए दो काउंसलिंग एवं एक कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) राउंड रखा है। बता दें, कि पिछले वर्ष सिर्फ एक ही काउंसलिंग का राउंड रखा गया था। उच्च शिक्षा विभाग ने यूजी और पीजी में प्रवेश लेने पंजीयन शुल्क में इस बार पहले चरण में छात्राओं को जहां निश्शुल्क पंजीयन की सुविधा दी है। वहीं दूसरे व सीएलसी में सभी छात्र-छात्राओं को 350 रुपये की छूट दी है। विद्यार्थियों को 150 रुपये पंजीयन शुल्क देनी होगी। इससे पहले पंजीयन के लिए 100 रुपये फीस थी और सीएलसी राउंड में 500 रुपये लिए जाते थे। विभाग के इस निर्णय से करीब छह लाख विद्यार्थियों को लाभ होगा।

## एम्स की डॉ. रश्मि चौधरी ने बैंकॉक में अपना शोध प्रस्तुत किया




**भोपाल।** एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह संकाय और छात्रों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और ज्ञान-साझाकरण की संस्कृति को सदैव बढ़ावा देते रहते हैं। उनके मार्गदर्शन में, एम्स भोपाल ने विभिन्न शैक्षणिक मंचों पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विभिन्न सम्मेलनों और कार्यशालाओं में संकाय सदस्यों की भागीदारी न केवल उनके कौशल को बढ़ाती है बल्कि उन्हें नवीनतम प्रगति के साथ अद्यतन भी रखती है। हाल ही में, हाल ही में, प्रोफेसर (डॉ.) रश्मी चौधरी को बैंकॉक, थाईलैंड में 6-7 मई 2024 के दौरान कैंसर विज्ञान और थेरेपी पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान देने के लिए अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ. रश्मी चौधरी ने एम्स भोपाल में सर्वाइकल कैंसर, इसकी शीघ्र पहचान और विशेष रूप से भारत की ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को घातक बीमारी से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग उपकरण पर किए जा रहे अपने शोध कार्य को साझा किया। यह शोध कार्य भारत सरकार के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के अनुदान-सहायता (जीआईए) के तहत वित्त पोषित है। उनके व्यावहारिक योगदान और विचारोत्तेजक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और भौगोलिक सीमाओं से परे सार्थक बातचीत को जन्म दिया है।

## दीक्षा ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकार्ड, देव मीणा ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के होनहार एथलीट दीक्षा और देव मीणा ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अकादमी की दीक्षा ने अमेरिका के लास एंजेलिस में आयोजित ओलिंपिक क्वालीफाइ इवेंट में भाग लिया, वह फिलहाल देश को ओलिंपिक कोटा तो नहीं दिला सकी, लेकिन नया राष्ट्रीय रिकार्ड अपने नाम दर्ज कराने में सफल रही है। देव मीणा ने भुवेश्वर में में आयोजित सीनियर नेशनल फेडरेशन एथलीट चैंपियनशिप में पोल वाल्ट में स्वर्ण पदक जीता।

आठ मई को लांस एंजेलिस में एक माह के ट्रैनिंग कैंप में भाग लेने व ओलिंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए गई मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी दीक्षा ने अपने पहले ही इवेंट में धमाकेदार शुरूआत की है। दीक्षा ने महिलाओं की साउंड रनिंग ट्रैक फेस्ट की 1500 मीटर इवेंट में भागीदारी की। दीक्षा ने 4ः04.78 सेकंड के साथ नया नेशनल रिकार्ड बनाया है। इससे पहले यह रिकार्ड पंजाब की हरमिलन बैंस 4ः05.39 सेंकड के नाम था। दीक्षा मप्र अकादमी में मुख्य कोच एसके प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। ओलिंपिक क्वालीफाइंग के लिए 4ः02.5 सेंकड का टारगेट है, दीक्षा इसमें चूक गई है। एसके प्रसाद ने बताया अभी दीक्षा के पास बहुत मौके है, उम्मीद है वह अमेरिका से भारत के लिए पेरिस ओलिंपिक का कोटा लेकर लौटेंगी।

इधर भुवनेश्वर में मप्र अकादमी के देव मीणा ने सीनियर नेशनल फेडरेशन एथलीट चैंपियनशिप के पोल वाल्ट इवेंट में 5.10 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। देव ने अभी हाल में ही दुबई में आयोजित एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया था।

## एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने स्थापना दिवस मनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स भोपाल के फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग का स्थापना दिवस सच्चाई को उजागर करें और मानवता की सेवा करें थीम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 8वां एकीकृत विष विज्ञान सत्र भी आयोजित किया गया, जो भोपाल गैस त्रासदी- परिणाम विषय पर केंद्रित था। कार्यक्रम में फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, फार्माकोलॉजी, मेडिसिन, मनोचिकित्सा और पैथोलॉजी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा कि ऐसे अवसर न केवल संस्थान की यात्रा और उपलब्धियों की याद दिलाते हैं बल्कि मिशन की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते रहने के लिए भी प्रेरित करते हैं । फोरेंसिक मेडिसिन के महत्व और मानवता की सेवा में इसके अमूल्य योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी के द्वारा बहुत सारी ऐसी बातें निकल कर आती हैं जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता ।

इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए विभाग प्रमुख प्रो. (डॉ.) अरनीत अरोड़ा ने कहा कि फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी मेडिको लीगल मामलों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और समाज के लिए उपयोगी है। यह छुपे हुए तथ्यों को सामने लाता है। एनएफएसयू भोपाल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश यादव ने भोपाल गैस त्रासदी के टॉक्सिड्रोम और भविष्य की सतर्कता पर स्थापना दिवस भाषण दिया। उन्होंने कीटनाशकों के उपयोग और उनके दीर्घकालिक प्रभावों से संबंधित अधिक शोध की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। सत्र में डॉ. बीपी दुबे, डॉ. डी के सत्पथी और डॉ. बड़कुर ने भोपाल गैस आपदा के दौरान अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान गैसीय जहर के फार्माकोकाइनेटिक्स और फार्माकोडायनामिक्स, गैसीय जहर में निदान और आपातकालीन प्रबंधन, नैदानिक विशेषताएं और दीर्घकालिक प्रबंधन (एमआईसी), ऑटोप्सी और मेडिको-कानूनी मुद्दे- एक सिंहावलोकन, सामूहिक आपदा का मनोवैज्ञानिक पहलू और इसके परिणाम और टॉक्सिको- एमआईसी में हिस्टोपैथोलॉजी विषयों पर भी सत्र आयोजित किये गए ।

# डॉक्टर्स फॉर द नेशन विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स व्याख्यानमाला के अंतर्गत पहले सत्र का आयोजन किया गया। पहले सत्र का विषय था डॉक्टर्स फॉर द नेशन। इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डा) अजय सिंह ने उत्कृष्टता की प्राप्ति में अपने 19 महीनों की यात्रा को साझा किया। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल ने पिछले 19 महीनों में शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कुछ आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल में पहले जहां 288 प्रकार की जांचें होती थी आज यह बढ़कर 580 प्रकार की हो गई है। इसी प्रकार से अगर ओपीडी में मरीजों की संख्या की बात करें तो यह 60000 से बढ़कर लगभग 95000 हो गई है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल किसी भी मरीज को धन के अभाव के कारण इलाज से वंचित नहीं रहने देता। ऐसे मरीजों की सुविधा के लिए रोगी कल्याण समिति बनाई गई है। जिसमें एम्स भोपाल ने अपने संसाधनों से दो करोड़ रुपए का अंशदान किया है। जिसके द्वारा ऐसे व्यक्ति जो आर्थिक स्थिति के कारण अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं उनका भी इलाज यहां पर किया जाता है।

एम्स भोपाल के अध्यक्ष डॉ सुनील मलिक ने कहा कि कोरोना काल के दौरान हमारे चिकित्सकों ने अपने प्रयासों से सफलतापूर्वक उस पर विजय प्राप्त की है। आज आवश्यकता है कि हम उनमें नेतृत्व की भावना को विकसित करें । पिछले 19 महीनों के दौरान हुई उपलब्धियों की चर्चा करते हुए डॉ मालिक ने कहा कि यह प्रोफ़ेसर अजय सिंह के प्रयासों से ही संभव हो पाया है।

सुसंस्कारित स्वास्थ सेवा के सह-संयोजक श्री सुहास राव हिरेमथ ने देश में चिकित्सकों द्वारा समाज और जनमानस के लिए किए जा रहे विभिन्न चिकित्सकीय और सामाजिक कार्यों का विश्लेषण करते हुए कहा कि डॉक्टरी का पेशा एक नोबेल प्रोफेशन है। इसमें डॉक्टर का कर्तव्य बनता है कि वह समाज में आदर और श्रद्धा प्रात करें। चिकित्सा सेवा एक अध्यात्मिक यात्रा है। इसमें स्वयं से ऊपर उठकर दूसरे के सुख के लिए काम करना होता है। बहुत सारे डॉक्टर्स आज देश में समाज सेवा कर रहे हैं किंतु अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर काम करने की आवश्यकता है ताकि उनके जीवन में परिवर्तन लाया जा सके। श्री हिरेमथ ने एम्स भोपाल में हुई प्रगति के लिए प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह को बधाई देते हुए कहा कि आशा है भविष्य में भी लोगों को इसी प्रकार की स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध होती रहेंगी। एम्स भोपाल की इंस्टिट्यूट बॉडी और गवर्निंग बॉडी के सदस्य प्रोफ़ेसर (डॉ) विवेक मलिक ने मेडिकल छात्रों में राष्ट्र निर्माण और सेवा के लिए नेतृत्व की भावना विकसित करने पर चर्चा की। डॉ विवेक मलिक ने कहा कि समाज को डॉक्टर से विशेष अपेक्षाएं रहती है। हमें उन अपेक्षाओं पर खरा उतरना पड़ेगा और इसके लिए जरुरी है कि हम अपना आध्यात्मिक विकास करें। लोगों की सेवा करने से हमें बहुत कुछ मिलता है, एक संतुष्टि मिलती है। संभावनाओं के द्वार खुलते हैं। एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड, नेशनल मेडिकल कमीशन के सदस्य प्रोफ़ेसर (डॉ) योगेंदर मलिक ने विनियामक प्राधिकरण (राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद) और कानून के प्रति डॉक्टरों के दायित्व पर चर्चा की। डॉ योगेंदर ने कहा कि हमें अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों को भली प्रकार से समझना होगा। इसके अलावा चिकित्सा नैतिकता को ध्यान में रखते हुए अपना काम करने करना होगा।

एम्स भोपाल की इस व्याख्यानमाला का उद्देश्य भावी डॉक्टरों को देश के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। ताकि उनके अंदर यह भावना अभी से जाग्रत हो कि वो ग्रामीण क्षेत्र में जाकर ऐसे लोगों का इलाज कर सकें जो अभी तक इससे वंचित रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, रेजिडेंट्स एवं मेडिकल स्टूडेंट उपस्थित रहे। वक्ताओं ने इस दौरान दर्शकों के प्रश्नो के उत्तर भी दिए।

स म्पा द की य

# कालेजियम की प्रक्रिया पर सवाल

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट कॉलेजियम द्वारा न्यायाधीशों के चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दो वरिष्ठ जिला जजों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका आरोप है कि कॉलेजियम ने न केवल उनकी योग्यता और वरिष्ठता को नजरअंदाज किया, अपितु प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले एससी कॉलेजियम की सलाह को भी दरकिनार कर दिया है।

कानून के जानकारों का कहना है कि यह मामला हाईकोर्ट कॉलेजियम की ओर से जजों के चयन के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का सही से पालन नहीं करने से जुड़े एक बड़े मुद्दे को दर्शाता है। बिलासपुर और सोलन के जिला जज, चिराग भानु सिंह और अरविंद मल्होत्रा ने अपनी संयुक्त रिट याचिका में हाईकोर्ट कॉलेजियम को 4 जनवरी के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के प्रस्ताव के अनुसार उनके नामों पर विचार करने का निर्देश देने की मांग की है।

इन न्यायाधीशों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओर से उनके नामों को पुनर्विचार के लिए हाईकोर्ट के जजों को वापस भेजे जाने के बाद, केंद्रीय कानून मंत्री ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक चिट्ठी लिखी थी, जिसमें सिंह और मल्होत्रा के



नामों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया था। इनका कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सलाह और कानून मंत्री के पत्र को नजरअंदाज कर दिया। उनके नामों पर पुनर्विचार किए बिना, उनसे काफी जूनियर न्यायिक अधिकारियों के फैसलों को मंगवाना शुरू कर दिया, जिससे कि उनकी योग्यता और वरिष्ठता को दरकिनार किया जा सके।

न्यायाधीश सिंह और मल्होत्रा के नामों को पिछले साल 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विचार के लिए रखा गया था, जिसे शुरुआत में टाल दिया गया था। 4 जनवरी को, सीजेआई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने उनके नामों को पुनर्विचार के लिए हाईकोर्ट कॉलेजियम को वापस भेज दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने जानबूझकर उनके नामों को छोड़ दिया। उनकी वरिष्ठता और योग्यता को नजरअंदाज कर दिया गया और हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को दो अयोग्य जूनियर अधिकारियों के नामों की सिफारिश की।

उनका कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया में खामी है और यह स्थापित संवैधानिक परंपरा के विरुद्ध है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश और कॉलेजियम की कार्रवाई को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की ओस से जूनियर न्यायिक अधिकारियों के नामों पर विचार करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की है, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट उनकी शिकायतों का निवारण न कर दे।

यहां उल्लेखनीय है कि कालेजियम को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। कानून मंत्री तो कालेजियम की वर्तमान व्यवस्था का विरोध भी कर चुके हैं। चूंकि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कालेजियम का विरोध किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद मंत्री और सरकार के तेवर भी नरम हो गए। इसके चलते फिलहाल कालेजियम की व्यवस्था जारी रही है। यहां मामला कालेजियम की प्रक्रिया की अनदेखी करने का भी है। वैसे भी सरकार न्यायाधीशों की नियुक्तियों की पूरी प्रक्रिया अपने हाथ में ही लेना चाहती है, लेकिन वर्तमान न्याय प्रणाली के पक्षधर इसे यथावत ही रखना चाहते हैं। देखना होगा कि कालेजियम की प्रक्रिया को न अपनाते हुए जो नियुक्तियां की गई हैं, उनके बारे में न्यायालय क्या फैसला लेता है।

# अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के सियासी मायने

**– कमलेश पांडेय**

सुप्रीम कोर्ट के एक साहसिक निर्णय से जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के चुनावों के दौरान बाहर आने और चुनाव प्रचार में अपनी भागीदारी जताने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है। लिहाजा, इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है।

ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में कोर्ट लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है।

हालांकि, कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई। आनन-फानन में ईडी ने एक हलफनामा दायर करके उनके अंतरिम जमानत का विरोध किया और कुछ अकाट्य दलीलें भी दी। जिस पर केजरीवाल की लीगल टीम ने भी कड़ी आपत्ति जताई। जिसके दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की सभी दलीलों को दरकिनार करते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

यही वजह है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने के सियासी और न्यायिक मायने तलाशे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक असाधारण न्यायिक आदेश है, जो अब बौद्धिक विमर्श का मुद्दा भी बन चुका है। समझा जा रहा है कि कोर्ट के ताजा निर्देश से जहां देश में जनतांत्रिक भावनाओं को बल मिलेगा, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध में शामिल राजनेताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। क्योंकि जेल से बाहर रहने का एक अमोघ कानूनी हथियार कोर्ट के फैसले से उन्हें मिल चुका है। लिहाजा, आने वाले दिनों में जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगे जाने के मामले बढ़ेंगे।

बता दें कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल को किसी भी तरह की विशेष राहत देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिया जाना समानता और कानून के शासन के लिए अभिशाप जैसा होगा। इससे ऐसी नजीर कायम होगी कि सभी अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे, चाहे वो पंचायत चुनाव हो, नगरपालिका चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या फिर आम चुनाव। यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेंगे।

दो कदम आगे की सोचते हुए उसने तर्क दिया कि आजतक किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई, चाहे जेल में बंद वह व्यक्ति स्वयं भी प्रत्याशी क्यों न रहा हो, जबकि केजरीवाल तो उम्मीदवार भी नहीं हैं। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि अपराधी जेल से ही चुनाव लड़े और जीत भी गए, लेकिन उन्हें कभी इस आधार पर जमानत नहीं मिली। वैसे भी चुनाव प्रचार न तो संवैधानिक अधिकार है और न ही मौलिक अधिकार। लिहाजा ऐसा होने से कानून का उल्लंघन करने वाले हर अपराधी को राजनीतिज्ञ बनने और वर्ष भर प्रचार के मोड में रहने का प्रोत्साहन मिलेगा। राजनेता आम आदमी से ऊपर होने और विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता।

ईडी ने अपनी दलील में चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार, जिसे कोर्ट ने संवैधानिक अधिकार माना है, वह भी हिरासत के दौरान नहीं रहता। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) जेल में बंद व्यक्ति के मतदान के अधिकार में कटौती की बात करती है। यह चीज देखने लायक है कि पिछले पांच सालों में करीब 123 चुनाव हुए हैं और अगर किसी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जाने लगे तो किसी भी राजनेता को गिरफ्तार करके जेल में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि चुनाव तो सालभर चलने वाली गतिविधि है। हर राजनीतिज्ञ हर स्तर पर यह दलील दे सकता है कि अगर उसे जमानत नहीं दी गई तो उसे न भरपाई होने वाला नुकसान होगा।

ईडी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस समय सिर्फ पीएमएलए कानून में ही बहुत से नेता जेल में हैं। उनके मामलों को जांचने के बाद सक्षम अथॉरिटी ने उनकी हिरासत को सही ठहराया है। बहुत से नेता पीएमएलए के अलावा अन्य अपराधों में जेल में होंगे। ऐसे में अरविंद केजरीवाल के साथ विशेष व्यवहार करने और उनकी विशेष मांग स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है।

उसने तो यहां तक कह दिया कि केजरीवाल ने कई समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के पीछे पांच राज्यों में चुनाव का यही आधार दिया था। ऐसे में अगर कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी तो उनके द्वारा आप के स्टार प्रचारक होने के आधार पर प्रचार के लिए समन को नजरअंदाज करने का कारण बनाये जाने पर न्यायिक मुहर लग जाएगी। साथ ही प्रचार के लिए अन्तरिम जमानत से प्रचार की इच्छा रखने वाले नेताओं का एक अलग वर्ग बन जायेगा।

हालांकि कोर्ट ने ईडी की एक न सुनी और अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय लोकतंत्र को किंतु-परन्तु के आधार पर नहीं, बल्कि स्पष्ट और पारदर्शी नीतियों के आधार पर ही चलाया जाएगा। संभव है कि अगली संसद इससे सबक लेगी और नेताओं के लिए आवश्यक कानून बनाएगी या फिर पूर्व की विसंगतियों को दूर करेगी।

यह स्वाभाविक सवाल है कि जब चुनावी मौसम हो और दल विशेष का प्रमुख नेता ही जेल में हो तो उसकी पार्टी को सही जनादेश कैसे मिल पाएगा। शायद इसलिए कोर्ट ने अंतरिम जमानत की नई राह दिखा दी और सियासी नकेल अपने हाथों में रख ली।

# चुनाव: लोकतंत्र का अवमूल्यन क्यों?

**–राकेश दुबे**

सरकार और उसके पैरोकार यह कहते नहीं थकते कि देश में विकास कुलांचे भर रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था हैं। अभी पांचवें स्थान पर हैं व जल्दी ही तीसरे स्थान पर होंगे। यह भी कहते हैं ये ज्ञान की सदी है, 21वीं सदी भारतीय युवाओं की है। देश चांद पर पहुंचा । मंगल के दरवाजे पर दस्तक दी। ओलंपिक में उपलब्धियां रहीं। पैरा ओलंपिक में हमारे मेडलों का सैकड़ा पहली बार आया। यही हमारे मीडिया की सुर्खियां हुआ करती थीं। लेकिन सवाल है कि आम चुनाव के अंतिम चरण तक आते-आते देश का राजनीतिक विमर्श इतना नकारात्मक क्यों हो गया?

कुछ सवाल खड़े हुए हैं,जवाब खोजना चाहिए। आखिर क्यों हम देश की जनता को सकारात्मक मुद्दों पर चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित नहीं कर सकते? अब सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, मुद्दों में नकारात्मकता व आक्रामकता क्यों है? क्यों राजनीतिक दलों के नेता आमने-सामने बैठकर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व भविष्य के एजेंडे को लेकर जनता से रूबरू नहीं होते? अमेरिका व अन्य विकसित देशों में शीर्ष राजनेताओं द्वारा लंबी बहसों से जनता को समझाने का प्रयास किया जाता रहा है। आखिर अमृतकाल के दौर में पहुंचकर भी देश में मतदाता इतना जागरूक क्यों नहीं हो पाया ?है कि उसे क्षेत्रवाद, धर्म-संप्रदाय, जातिवाद और अन्य संकीर्णताएं न लुभा सकें? क्यों चुनाव आयोग की मुहिम में बरामद रिकॉर्ड मूल्य की वस्तुओं में आधा मूल्य नशीले पदार्थों




का होता है? क्यों छोटे-छोटे प्रलोभनों के जरिये मतदाता बहकते हैं? कहीं न कहीं हमारे नेताओं ने देश के जनमानस को पूरी तरह लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने के बजाय संकीर्णता के शार्टकट से अपना उल्लू सीधा करना चाहा है।

देश में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है। सोशल मीडिया के जरिये समाज में जागरूकता आई है। लोग सार्वजनिक विमर्श में अखबार व अन्य मीडिया की भाषा बोलते नजर आते हैं। तो फिर वे मतदान करने क्यों नहीं जा रहे हैं? आखिर क्यों कहा जाता है कि फलां जगह पचास प्रतिशत या साठ प्रतिशत मतदान हुआ है? आखिर पचास प्रतिशत या चालीस प्रतिशत वोट न देने वाले लोग कौन हैं?

यहां एक तथ्य यह भी है कि यदि आम चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग धर्म, सांप्रदायिकता, क्षेत्र, जाति व अन्य संकीर्णताओं का सहारा ले रहे हैं तो कहीं न कहीं एक वजह यह भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी लोग इन मुद्दों की तरफ आकर्षित होते हैं? कई जगह सत्ता पक्ष के खिलाफ चुनावों में नाराजगी दिखायी देती है तो जनता फिर दूसरे राजनैतिक दल को सत्ता सौंप देती है। यह उसके पास विकल्प न होने की स्थिति होती है, लेकिन फिर दूसरा दल भी उन्हीं संकीर्णताओं को अपना एजेंडा बनाकर चुनाव मैदान में आ जाता है।

सवाल यह है कि किसी दल ने अपने कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की हैं क्यों नहीं उन्हें चुनावी मुद्दा बनाया जाता है? क्या दल विशेष को अपनी बखान की गई उपलब्धियों की जमीनी हकीकत का अहसास होता है? भारत एक विविधता की संस्कृतियों का देश है। हर क्षेत्र की अपनी विशेषता और जरूरतें हैं। उत्तर भारत के राजनीतिक रुझान और दक्षिण भारत के राजनीतिक रुझान में हमेशा अंतर देखा गया है। जिसका लाभ एक क्षेत्र में पिछड़ने वाला राजनीतिक दल दूसरे क्षेत्र में उठाता है। हाल के दशकों में ऐसे कद्दावर नेता कम ही हुए हैं जिनकी राष्ट्व्यापी स्वीकार्यता रही हो। लेकिन देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिये जरूरी है कि सत्ता की रीतियां-नीतियां पूरे देश के मनोभावों के अनुकूल हों। राजनेताओं की कार्यशैली और घोषणाएं संकीर्णताओं से मुक्त हों।

एक बार और यदि देश में नकारात्मक मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़े जाते हैं तो पूरी दुनिया में कोई अच्छा संदेश नहीं जाएगा। जिसका असर हमारी अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता पर भी पड़ेगा। यदि राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मकता का प्रवाह नहीं होता तो हम कैसे दावा कर सकते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। बड़े लोकतंत्र का बड़प्पन हमारे राजनेताओं में भी नजर आना चाहिए और मतदाताओं में भी। यदि हम संकीर्णताओं के पक्ष में मतदान कर रहे होते हैं तो कहीं न कहीं हम कमजोर व अयोग्य लोगों को ऊंची कुर्सी पर बैठाकर लोकतंत्र का अवमूल्यन कर रहे होते हैं।

# राष्ट्रीय तकनीकी दिवस: उपकरणों का अधिकाधिक उपयोग उसे प्रकृति से दूर कर रहा है

**योग गुरु महेश अग्रवाल**

देश को ताकतवर बनाने में टेक्नोलॉजी का बहुत योगदान होता है। लेकिन अधिकाधिक तकनीकी आधारित जीवन मानव के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि उपकरणों का अधिकाधिक उपयोग उसे प्रकृति से दूर कर रहा है, योग अभ्यास आसन, प्राणायाम, ध्यान, षटकर्म यम नियम का पालन करके मानव समाज स्वस्थ रहते हुए देश के विकास में निरंतर सहभागी बन सकता है।

मानव समाज में विज्ञान और तकनीकी की शुरूआत तो यद्यपि धीरे-धीरे हुई, पर निरंतर नए अविष्कारों और अनुसंधानों के विकास की गति तीव्रतर हो गई। इस तकनीकी विकास यात्रा को हम प्रख्यात वैज्ञानिक जयंत नार्लीकर जी के विचारों से कुछ अधिक स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं- यदि हम आदिमानव काल से आज तक के लगभग 50,000 वर्षों के कालखण्ड को कोई 800 मानव जीवनियों में बाँटे (यानि एक मानव जीवनी 62.5 वर्ष की हुई) तो इनमें से पहली 650 जीवनियाँ तो मानव ने गुफाओं में बिताई। लेखन कला जैसी संस्कृति के लिए आवश्यक कला का प्रयोग वह केवल पिछली 70 जीवनियों में करता आ रहा है और मुद्रण कला तो पिछली 6-7 जीवनियों से ही जिस बिजली पर हमारा आधुनिक जीवन इतना निर्भर है उसका प्रयोग तो पिछली दो जीवनियों का ही है और अंतरिक्ष तकनीक सूचना एंव कंप्यूटर की तकनीक तो पिछली एक जीवनी से भी कम समय से प्रयुक्त हो रही है। निश्चय ही तकनीकी विकास की इस तीव्र गति का प्रभाव हमारे जीवन स्तर पर जीवन पद्धति पर एवं सामाजिक माहौल पर पड़े बिना नहीं रहता। समाज में विज्ञान द्वारा प्रदत्त नए तकनीकी उपागमों में सही का चयन और चयन के साथ ही इनका उचित उपयोग करने के संदर्भ में भ्रम की स्थिति अक्सर रहती है।

अठ्ठारहवीं सदी में औद्योगिक क्रान्ति के बाद से विज्ञान आधारित तकनीकी विकास ने मानव जीवन के विकास की गति को उसके जीवन स्तर को और बढ़ा दिया है। आधुनिक तकनीक ने आज खाद्य उत्पादन को बढ़ा दिया है, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर दिया है, अधिक आरामदेह जीवन स्तर का विकास कर दिया है और आपसी संचार को विकसित कर दिया है। पर ये सभी विकास के नए प्रतिमान किन मूल्यों पर विकसित हुए है, ये विचारना आवश्यक है। कहीं ये मूल्य हमारे दैनिक जीवन में घटते पर्यावरणीय स्तर और मानवीय मूल्यों में गिरावट से सम्बद्ध तो नहीं हैं, यह एक गंभीर प्रश्न है।

सामान्य मानव के जीवन में तकनीकी विकास का बहुत गहन प्रभाव पड़ा है। विश्व के बहुत से क्षेत्रों या कह लें कि अधिकांश क्षेत्रों में सम्मिलित परिवार द्वारा चालित खेती-किसानी अब मशीनों द्वारा चलित फार्म हाऊसों के स्वरूप में परिवर्तित हो गई है। मानव श्रम द्वारा चलित उपकरणों का स्थान अब स्वचलित मशीनों ने ले लिया है जो एक तरफ तो उत्पादकता को बढ़ा रही है और मानव श्रम की बचत कर रही है वहीं दूसरी तरफ सार्थक कार्यों में आमजनों की भूमिका और निर्णय क्षमता को प्रभावित कर रही है, उन्हें समाप्त करती दिखाई पड़ रही है। तकनीक एक उत्पाद भी है और सामाजिक शक्ति का उपकरण भी है। यह तात्कालिक सामाजिक स्थिति को बहुत गहनता से प्रभावित करने वाली शक्ति भी है। इस तकनीकी विकास के लाभ का वितरण भी बड़ा असमान हुआ है और विश्व के अमीरों और गरीबों के बीच की खाई और चौड़ी हुई है। जहाँ एक तरफ कुछ देशों में उतना अनाज उत्पादित हो रहा है कि उन्हें अपने अनाज के बाजार मूल्य को गिरने से बचाने के लिए अनाज को पशुओं को खिलाना पड़ रहा है, उन्हें नष्ट करना पड़ रहा है, या उपजाऊ क्षेत्रों में खेती को रोकना पड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ राष्ट्रों में भुखमरी और अल्पपोषणता का बोलबाला है। विकासशील देशों में हरित क्रान्ति ने अधिकतर उन बड़े भूमिपतियों को ही लाभान्वित किया है जो महँगे उपकरण, खाद और बीज खरीदने की सामर्थ्य रखते हैं। दूसरी तरफ विकसित देशों में तो व्यावसायिक खेती की ऐसी परंपरा का विकास हो रहा है कि धान्य उत्पादन सम्बन्धी वृहदाकार कंपनियाँ पूरी खाद्य उत्पादन और वितरण श्रृंखला की नीतियों को प्रभावित कर रही हैं जिससे शक्ति और धन का केन्द्रीकरण कुछ सीमित लोगों के हाथों में हो रहा है।

तकनीकी विकास के फलस्वरूप ऊर्जा और संचार के विभिन्न नवीन संसाधनों का प्रदुर्भाव हो गया है। ऊर्जा और संचार के विभिन्न नवीन स्वरूपों के उत्पादन और प्रयोग के फलस्वरूप जहाँ एक तरफ मानव जीवन में सरलता और सुविधाओं का प्रवेश हुआ है वहीं दूसरी ओर इस सरलता का अतिरिक्त उत्पाद-मानव के मस्तिष्क का उलझाव अर्थात मानसिक प्रदूषण और कार्बन डाई आक्साईड के रूप में वायुमंडलीय तापन का बढ़ना भी है। सम्बन्धों का ताना-बाना जो मनुष्य को एक सुखद अहसास देता है वह आज के तकनीकी विकास के दौर में बिखर रहा है। तकनीकी विकास ने जहाँ एक तरफ मानवीय सम्बन्धों की व्यापकता को और विस्तृत किया है, वहीं सम्बन्धों की गहराई, उनकी प्रगाढ़ता में कमी आई है। अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध अब पहले से छिछले हो गए हैं। प्रारंभिक समाज में दैनिक व्यापार कार्य में व्यक्ति के वचन का महत्त्व था, आपसी वायदे से ही सौदा पक्का हो जाता था। फिर लेखन विधा



का विकास हुआ और साथ ही वचन भंग की स्थितियाँ उत्पन्न हुई और अनुबंध पत्र की आवश्यकता पड़ी। अब वर्तमान युग में संचार के साधनों का काफी विकास हो गया है पर किसी एक ही बात या सौदे की पुष्टि के लिए पहले फैक्स भेजा जाता है, फिर पत्र के माध्यम से फैक्स की द्वितीय प्रति भेजी जाती है और अन्त में उन सब की पुष्टि के लिए फोन का उपयोग किया जाता है फिर भी कई बार सौदा पूर्ण नहीं हो पाता है। यह वर्तमान युग में मानवीय समाज में सम्बन्धों के क्षरण और ऊर्जा के अपव्यय एक साथ प्रतिबिम्बित करता है।

पिछले कुछ दशकों में तकनीकी क्षेत्र से सम्बन्धित कुछ भयंकर दुर्घटनाएँ हुईं। इनमें चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र दुर्घटना, भोपाल गैस त्रासदी, कोलम्बिया अंतरिक्षयान दुर्घटना, बाम्बे हाई तेल क्षेत्र में आग और विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में तेल टैंकरों के रिसाव और दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएँ कुछ महत्त्वपूर्ण

आज कई बार किसी सामाजिक समस्या का कोई सरल तकनीकी हल ढूँढने का प्रयास अधिक होता है, बजाय इसके कि किसी व्यापक सामाजिक परिवर्तन या सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की बात की जाए। जब आवश्यक भौतिक विकास एक पागलपन भरे उपभोक्तावाद में बदल जाए तो मानवीय अनुभव के सबसे महत्वपूर्ण अंग अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों तथा सामूहिक चेतना और सामाजिक घटनाएँ हैं। ये सब घटनाएँ तकनीकी विकास के साथ सम्बद्ध वे हानिकारक और भयानक पहलू हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन सब के अलावा बढ़ते औद्योगिकीकरण और आधुनिक कृषि के चलन से जल, वायु, भूमि आदि तत्त्वों में जो प्रदूषण का व्यापक फैलाव हुआ है वह अतुलनीय है। खेती में रसायनों का बढ़ता प्रयोग जहाँ एक तरफ उत्पादकता को बढ़ा रहा है वहीं दूसरी तरफ मृदा और जल के प्रदूषण को भी बढ़ा रहा है।

आज विश्व के तकरीबन आधे वैज्ञानिक और इन्जीनियर रक्षा उपकरणों से सम्बन्धित निर्माण और अन्वेषण में संलग्न हैं और शेष वैज्ञानिको में अधिकांश उन अन्वेषण कार्यों में अधिक संलग्न हैं जो विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के आराम के विकास के लिए हैं। यद्यपि होना यह चाहिए कि अधिकाधिक संख्या में अनुसंधानकर्ता मानव की सामान्य आवश्यकताओं- रोटी, कपड़ा, स्वास्थ्य, पेयजल, पर्यावरण आदि से सम्बन्धित उच्च किन्तु सरल, सुगम तकनीकों के विकास में संलग्न हों। आज पूरे विश्व में जितना पैसा और संसाधन रक्षा उद्योग में खर्च हो रहा है यदि उसका एक तिहाई भी कृषि, नवीनीकरण योग्य ऊर्जा संसाधनों, वनीकरण, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों के विकास में खर्च कर दिया जाए तो पूरे विश्व के पर्यावरण में व्यापक परिवर्तन आ जाएगा।

कभी-कभी महँगे उच्चस्तरीय उपकरण केन्द्रित तकनीकी की बजाय मानव श्रम केन्द्रित और विकेन्द्रित सामाजिक व्यवस्था का विकल्प मानव विकास के लिए अधिक मुफीद सिद्ध हो सकता है। इस तकनीकी केन्द्रित व्यवहार का सबसे गंभीर खतरा यह है कि यह सभी जीवधारियों मनुष्य, पशु-पक्षियों और पौधों को केवल उपभोंग और नियन्त्रित करने की दृष्टि से व्यवहृत करता।

तकनीकी के संदर्भ में एक दृष्टिकोण यह है कि तकनीकी समाज को दिशा निर्देशित करती है। इसके अनुसार तकनीकी सामाजिक परिवर्तन को प्रभावित करती है और समाज उसी प्रभाव और संभावित परिवर्तन को दृष्टि में रखकर प्रतिक्रिया करता है। पर मेरा मानना इससे थोड़ा भिन्न है तकनीकी ही समाज को निर्देशित करती है। अपितु स्थिति यह है कि से तकनीकी सामाजिक परिवर्तन और संगठन का एक महत्त्वपूर्ण उपकरण अवश्य है पर तकनीकी के स्वरूप को सदैव उसी रूप मे स्वीकारना आवश्यक नहीं है, जिस रूप में प्रथमत: वह प्रदत्त है या उपस्थित है। साथ ही हमें ध्यान रखना होगा कि आगे आने वाले समय में तकनीकी विकास के प्रभाव से राष्ट्रीय सीमाओं का आलोपन भी होगा और वैश्वीकरण का वातावरण प्रबल होगा। इस नए वातावरण में लोगों का अपनी संस्कृति के प्रति आग्रह बढ़ेगा और साथ ही कमजोर संस्कृति के विलोपन की संभावना भी बढ़ेगी। नए विकास में इन बातों को भी ध्यान रखना आवश्यक है।

यहाँ यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि पिछले सौ वर्षों में हमने जो विज्ञान के द्वारा कमाया उसी क्रम में हमने अपने पिछले पाँच हजार वर्षो की कमाई का बड़ा भाग खो दिया है। भारतीय चिन्तन दृष्टि में मानव विकास के पाँच चरण स्वीकार किए गए हैं- अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष और आनंदमय कोष तकनीकी विकास के माध्यम से हम अभी प्रथम तीन की पूर्णरूपेण पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं, जबकि शेष से दो जो मानव जीवन का चरम लक्ष्य है, उन तक पहुँचने की बात तो दूर है।

संक्षेप में, हम कह सकते हैं कि विज्ञान तथा तकनीकी के विकास ने समाज के समक्ष नई चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं। हमें वास्तविकता में किस प्रकार की तकनीकी क्षमता चाहिए? क्या तकनीकी के कारण बदलते माहौल में मानव बिना उलझे प्रगति कर सकेगा? विज्ञान समाज के लिए कहाँ तक लाभदायी सिद्ध होगा? ये सब प्रश्न स्वयं में इतने उलझे हुए और ज्वलन्त हैं कि कुछ लोगों का यहाँ तक कहना है कि विज्ञान का यह विकास हमारे लिए सुखकर सिद्ध नहीं होगा अत: हमें औद्योगिक क्रान्ति पूर्व के सादगीपूर्ण जीवन को अपना लेना चाहिए पर ऐसा हो नहीं सकता है क्योंकि विकास का पहिया सदैव अग्रगामी होता है पृष्ठगामी नहीं और हम यह निश्चित रूप से नहीं कह सकते हैं कि कुछ सौ सालों पूर्व का जीवन आज के मुकाबलें अधिक सुखी और शान्तिपूर्ण था। उस समय भी अकाल, महामारी और युद्ध जैसे अशान्ति के कारक मौजूद थे जिनका मुकाबला करना तात्कालीन समाज में भी कठिन माना जाता था।

अन्त बात इस मुद्दे पर आकर टिकती है कि हमारे तकनीकी विकास का लक्ष्य क्या हो? और इस प्रश्न का उत्तर यदि एक पंक्ति में देने का प्रयास किया जाए तो यही कहना ठीक है कि यह इस बात पर निर्भर है कि अच्छे जीवन स्तर के प्रति हमारा मूल्यपरक दृष्टिकोण क्या है। अगर हम अपनी पूर्व परम्पराओं और भारतीय चिन्तन दृष्टि से प्रेरणा ग्रहण करने का प्रयत्न करें तो वहाँ हमें ऐसे कई सूत्र मिलते हैं जो हमें इस संदर्भ में दिशा निर्देश दे सकते हैं, जिनमें वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वभूतहितेरता के दो सूत्र सर्वप्रमुख हैं। जब प्रत्येक मानव सम्पूर्ण वसुधा को अपने परिवार का अंग समझ कर कार्य करेगा तो उसका प्रत्येक कृत्य परिवार के हित और संसाधनों के समान वितरण तथा न्याय की भावना से प्रेरित होगा। दूसरे सूत्र- सर्वभूत के हित की दृष्टि मानव को जैव-अजैव सभी के प्रति समान दृष्टिकोण, सद्भाव से कार्यरत होने के लिए प्रेरित करती है, जो नि:सन्देह आज की महती आवश्यकता है।

अन्तत: यह कहना अत्यावश्यक है कि परिवर्तन की गति तीव्र से तीव्रतर होती जा रही है और जब पवन वेग प्रबल हो तो भयग्रस्त हो अपने को सुरक्षित गृह में बंद कर लेना एक रास्ता हो सकता है या फिर तीव्र पवन की ऊर्जा का सदुपयोग कर अपनी समस्याएँ सुलझाना दूसरा रास्ता हमारा उद्देश्य तकनीकी विकास की इस तेज हवा को नियन्त्रित कर अपने जीवन को सुखी बनाना होना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाइट: dainiksandhyaprakash.in

# सारणी नपा क्षेत्र में लगभग पच्चास करोड़ की जलावर्धन योजना का कार्य पांच सालों से कार्य अधूरा

## मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी भोपाल के इंजिनियर और ठेकेदार की लापरवाही से क्षेत्र में पानी का जल संकट

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता सारनी ।** नगर पालिका सारनी क्षेत्र में जलावर्धन योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी भोपाल विभाग का लगभग पिछले पांच वर्षो से काम चल रहा है। जबकि समय अवधि कुल तीन वर्ष की थी। मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी भोपाल विभाग के अधिकारी रमेश बड़वानी और ठेकेदार इंजिनियर द्वारा गलियों में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई करते हैं। जो सड़क पिछले एक वर्ष पहले बनाकर तैयार की गई है। उसके दूसरी ओर से 2 फीट लगभग चौड़ा और चार फीट गहराई से खोद दिया गया है। सीमेंट कंक्रीट करण, डामरी करण वाली रोड या फिर पेवर ब्लॉक से बनी हुई सड़क या फिर मैदान ड्रिल मशीन से खोदकर पाइप लाइन का डाली जा रही है। सूत्रों के मुताबिक जलावर्धन योजना का कार्य होना बताया गया है। जिसका कार्य आज भी पूरा नहीं हुआ है। योजना लगभग सौ करोड़ की राशि की बताई जा रही है। लेकिन कार्य की गुणवत्ता का दोष पूर्ण की वजह से पाईप लाइन का जगह जगह से लिकेज होने के कारण घरो तक पानी नही पहुंच पाता है। भरत स्वीट मिष्ठान के संचालक ने बताया कि पानी का मीटर चोरी हो गया और पिछले तीन महीने से पीने का पानी नहीं आ रहा है। कई जगह पर सड़क और पेवर ब्लॉक को फोड़ कर खुदाई कार्य पूरा कर दिया गया है। जिससे शुद्ध पेयजल आपूर्ति नही हो रही है। क्षेत्र मे सतपुड़ा जलाशय होने के बाउजूद घटिया निर्माण कार्यो से क्षेत्र वासी को जिसके कारण पानी के कनेक्शन देरी से किये गए है। नल में पानी नही आने के कारण कई जगहों पर मीटर मशीन तक चोरी हो गए हैं। लेकिन हाँ पानी आयेगा पर सड़क नष्ट हो चुकी है। फिर से सड़क निर्माण कार्य करना सरकार के मत्थे चढ़ना वाली बात है। बल्कि मध्य प्रदेश की सरकारी राशि का नुकसान हो रहा है। अब इस कार्य की लापरवाही साफ़ तौर पर भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करती है। सूत्रों के अनुसार बारह इंच वाली सीमेंट सड़क तोड़कर कुल तीन इंच की कच्चा कंक्रीट मसाला से दुबारा बना दिया गया है। जलावर्धन योजना का कार्य करने मे जलावर्धन विभाग सारनी अपनी जिम्मेदारी निभाने असफल होना बताया जा रहा है। गर्मी के दिनों क्षेत्र की जनता को पीने के पानी के लिए बड़ी परेशानी हो सकती है।





### इनका कहना है

नपा सारनी क्षेत्र में कार्य हो रहा है लेकिन सब कुछ मध्य प्रदेश अर्बन कंपनी भोपाल ही सब कुछ मैनेज करती है।

सी एम ओ, **श्री मेश्राम साहब**
नगर पालिका सारनी

जलवर्धन योजना के अंतर्गत कार्य मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी भोपाल के द्वारा किया जा रहा है कार्य का कुल अवधि 3 वर्ष थी लेकिन कार्य करने के लिए जमीनों की अनापत्ति पत् लेने तथा दूसरी समस्याओं के कारण समय अधिक लगा है कार्य योजना की राशि लगभग 50 करोड रुपए की है जिसमें लगभग 95त्न कार्य हो चुका है भुगतान भी भोपाल से ही कंपनी को होता है कार्य में छोटी-मोटी परेशानियां आती ही है कर्मचारियों के बीच कर समस्या का समाधान किया जाता है कंपनी का 10 वर्षों का मेंटेनेंस का ठेका है जिसके लिए ठेका कंपनी जिम्मेदार रहेगी।

**रमेश बड़वानी**
लक्ष्मी शिव सिविल इंजीनियरिंग चक्कर रोड ऑफिस बैतुल

## मातृ दिवस पर बुजुर्ग माताओं को किया सम्मानित



बैतुल । गर्ग कालोनी प्रगति सोशल वेलफेयर समिति के द्वारा मातृ दिवस पर सर्व धर्म जाति की बुजुर्ग माताओ का दुग्ध एवं गंगाजल गोमूत्र मिश्रित जल से पैर धोकर शाल श्रीफल व माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रेरना शर्मा एवं उपाध्यक्ष संगीता कमाविसदार द्वारा माताओ की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। पार्षद नंदिनी तिवारी ने कहा की जननी जन्मभूमि की सेवा स्वर्ग वैभव से बढ़कर है। यह तो सच है कि भगवान है धरती पर रूप मां-बाप का उसकी विधाता की पहचान है। इस पंक्ति को सही बताया कोषाध्यक्ष प्राची दुबे एवं भरत सूर्यवंशी ने कहा कि दुनिया में मां का कोई विकल्प नही है। श्रीमती उमा तिवारी श्रीमती उषा त्रिवेदी शाहिद बानो शांति सनस पुष्पा सूर्यवंशी शारदा बामने फुलवंती ठाकुर कमलाबाई संगीता त्रिवेदी पुनिया बाई आर्य शांति देवी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज सेवक करण प्रजापति प्रचार भारत सूर्यवंशी पंडित श्रीराम तिवारी संगीता ममता डहाके सीमा ओजोने दीया ओजोने पूजा अतुलकर उषा अतुलकर माया पाल रजनी गुप्ता ललिता गुप्ता मौजूद थे।

## गल्ला मंडी मिर्जापुर में पानी की किल्लत

**विदिशा।** विदिशा सागर रोड पर स्थित विदिशा की गल्ला मंडी जहाँ आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो किसान प्रतिदिन तेज गर्मी के बीच अपनी फसल लेकर यहाँ पहुंचते हैं, लेकिन यहां पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण परेशान हो रहे हैं. अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि मंडी प्रांगण में पानी की जितनी भी टंकियां बनी है, उसमें नल की टोटियां ही नहीं लगी हैं और पीने के पानी की भी उपलब्धता नियमित नहीं हो रही है जिससे किसान काफी परेशान है। पूर्व में इस समस्या को लेकर राधेश्याम माहेश्वरी अपनी बात प्रशासन के सामने रख चुके हैं, और जल्द ही समस्या का हल करने की मांग की गई है जिसका कोई सार्थक परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है. इन्होंने पुनः मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द ही समाधान किया जावे

## पक्षियों को पानी पीने बांटे सकोरे




विदिशा। भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष में पक्षियों के लिए 200 जल पात्र सकोरे माधवगंज पर वितरित किया। इनमें 100 जल पात्र मिट्टी के एवं 100 जल पात्र प्लास्टिक के थे इसके पूर्व मंडल द्वारा महावीर जयंती पर 21 अप्रैल को 250 प्लास्टिक के जल पात्र एवं 100 जल पात्र मिट्टी के वितरित किए गए दिनांक 10 मई भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर 100 जल पत्र मंडल द्वारा वितरित किए गए मंडल प्रमुख नीता सराफने बताया विगत 16 वर्षों से मंडल द्वारा पक्षियों के लिए जल पात्र वितरित किए जा रहे हैं आज मदर डे के उपलक्ष में मंडल के श्रीमती नीता सराफ नीतू जैन संध्या जैन नम्रता सराफ विद्युत जैन प्रीति वाला जैन किरण जैन एवं मान्य सदस्य उपस्थित रही

## नए शैक्षणिक सत्र हेतु आईटीआई का पोर्टल 20 मई तक खुला




औबेदुल्लागंज। शैक्षणिक सत्र 2024 -25 हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडीदीप में प्रवेश हेतु पोर्टल दिनांक 20/ 5 / 2024 तक खोला जा रहा है। संस्था में प्रवेश लेने के इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाइन के कियोस्क में जा कर पोर्टल 222.स्रद्बह्यस्र.द्वश्च.द्द्श1.द्बठ्ठ के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।शासकीय आईटीआई मंडीदीप ग्राम मेंदुआ भोजपुर रोड जिला रायसेन में इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वेल्डर, कोपा, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनि व्हीकल, फिटर, व्यवसाय संचालित है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय आईटीआई मंडीदीप ग्राम मेंदुआ में संपर्क किया जा सकता है अथवा विद्यार्थी आवश्यक जानकारी 222.स्रद्बह्यस्र.द्वश्च.द्द्श1.द्बठ्ठ से प्राप्त कर सकते हैं।

## जल सेवा शीतल जल सेवा पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी एकता युवा संस्था

**नैनपुर,** बैसाख मास पूर्णिमा **चंद्र**दिवस पर वरूणावतार भगवान झूलेलाल सांई की पूर्व परम्परा अनुसार सिन्धु भवन सिथित भगवान झूलेलाल सांई की चन्द्र मासिक महोत्सव में स्वजातीय जनों की उपस्थिति में आरती, अरदास,जगत कल्याण पल्लव के पश्चात वरूणावतार भगवान झूलेलाल सांई एवं धर्म गुरुओं की प्रेरणा से ग्रीष्म काल में **प्यासे को जल* ही माधव सेवा है*रेल यात्रियों को शीतल जलसेवा उपलब्ध कराने एवंपिलाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेल के नैनपुर जंक्शन स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए स्वदेशी मटकों से स्वच्छ शीतल जल सेवा उपलब्ध कराने प्लेटफार्म एक पर पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिंधी युवा एकता संस्था नैनपुर द्वारा प्रातः ग्यारह बजे रेल प्रशासन अधिकारी, स्टेशन रेल सलाहकार समिति सदस्यों,एवं समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में ग्रीष्म ऋतु निशुल्क शीतल पेय जल सेवा का शुभारंभ किया गया।जय झूलेलाल

## स्ट्रांग रूम के आसपास तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई

औबेदुल्लागंज । -होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल तथा विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में 07 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीनों को जिला मुख्यालय रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम के आसपास तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं, जिसमें सुरक्षा कर्मियों के साथ ही सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। साथ ही राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के रुकने की भी व्यवस्था की गई है, जिनके कक्षों में स्ट्रांग रूम के सामने तथा आसपास लगाए गए

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ



विदिशा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में मसूद एहमद खान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को आयोजित की गयी नेशनल लोक अदालत में जिले में 2610 प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जाकिर हुसैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विदिशा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजवल्लित कर किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, विद्युत विभाग, बैंक, भारत संचार निगम, नगर पालिका परिषद एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मसूद एहमद खान ने बताया कि इस लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये 32 खण्डपीठों के द्वारा आपराधिक शमनीय प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, राजस्व प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत, जल एवं संपत्तिकर संबंधी प्रकरणों, बीएसएनएल तथा बैंकों के वसूली प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 521 प्रकरणों का तथा 2089 प्रीलिटीगेशन के प्रकरणों का इस प्रकार कुल 2610 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामें के आधार पर किया गया।

## चुनाव आयोग से प्रत्येक चरण मतदान को लेकर प्रेस वार्ता रखी जाए : गौतम लहरी

**बैतूल ।** वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव के तीन चरण सम्पन्न होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित नही किया गया । जिस पर पत्रकार संगठन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया एतराज जताया है। श्रीमती नीना गोयल दिल्ली ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत भी शामिल है। और चुनाव को लोकतंत्र का त्योहार माना गया है। सत्ताधारी एनडीए सहित समस्त विपक्षी दल जोर आजमाइश कर रहे हैं। वहिं डॉ श्री खालिद ने कहा इस स्तिथि में देश का नागरिक चुनाव आयोग को निष्पक्ष क्यों और कैसे मान सकते है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के वरिष्ठ डॉ जाकिर शेख ने कहा कि सत्ता पक्ष के इशारे पर चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली पर अब सवालिया निशान साबित हो रहे है। देश में तीन चरण के चुनाव में ऐसा हुआ। आयोग विश्वसनीयता खो चुका है। चुनाव आयोग पर त्वरित कार्यवाही होना चाहिये। विपक्षी दलों सहित मीडिया निष्पक्ष अपने दायित्व निर्वाहन कर रही है। मीडिया सोशल मीडिया चुनाव आयोग की अनियमितता को उजगार कर रही हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पक्षपात कर सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने का आरोप लग रहे है निर्वाचन को लिखे पत्र में श्री गौतम लहरी अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफ इंडिया सुश्री पारुल शर्मा अध्यक्ष भारतीय महिला प्रेस कार्पो. सी.के. नायक अध्यक्ष प्रेस एसोसिएशन एस वेंकट नारायण अध्यक्ष विदेशी संवाददाता क्लब सुजाता मधोक अध्यक्ष दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने बताया है कि पिछले चुनाव 2019 तक प्रत्येक चरण में मतदान के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करना सामान्य प्रक्रिया थी। चुनाव आयोग द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को स्तिथि से अवगत होते थे। चुनाव आयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से सीधे चर्चा कर सकते थे। मीडिया कौंसिल ऑफ इंडिया की कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती शशि दीप ने कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं लगता। इस लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष द्वारा जिस प्रकार का आचरण अपनाया वह किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में अपनी पारदर्शिता और जवाबदेही से बचता चुनाव आयोग सफेद हाथी साबित हो रहा है। जो कि चिंता का विषय है। जिसे मुख्य चुनाव आयोग निर्वाचन सदन नई दिल्ली को गंभीरता से संज्ञान में लेकर देश हित में उचित निर्णय लेना चाहिए। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया सहित व अन्य संगठन द्वारा भारत के मुख्य चुनाव आयोग निर्वाचन सदन नई दिल्ली को पत्र लिखा है बल्कि तीन चरणों में मतदान पूरा होने के बाउजूद चुनाव आयोग द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित क्यों नहीं की गई जवाब भी मांगा है। पत्रकार संगठन ने चुनाव आयोग से प्रत्येक चरण मतदान के बाद पत्रकार वार्ता आयोजित किये जाने की मांग की है।

## पुनः बबरिया तालाब से जोड़कर भरा जावे दलसागर तालाब- नवेंदु मिश्रा

सिवनी- शहर की पुरानी पानी कि व्यवस्था के की ऐसे पहलू है जिनके बारे मे सिवनी वर्तमान पीढ़ी या तो नहीं जानती या फिर बहुत कम जानकारी है। उन्ही मे से एक है दलसागर-बाबरिया-बुधवारी तालाब का एक दूसरे से जुड़ा हुआ होना। अंग्रेजों के समय से 1915 के नक्शे के अनुसार एक नहर बाबरिया तालाब से दलसागर तालाब तक कंपनी गार्डन होते हुए आती थी और अंत मे बुधवारी तालाब तक जाती थी। परंतु जैसे जैसे शहर बढ़ा तो नहर बंद होती चली गई दलसागर और बुधवारी तालाब मे नालों का पानी जाने लगा जिससे इन तालाबों की निर्भरता बाबरिया की नहर पर काम होती चली गई।

चूंकि दलसागर तालाब और बुधवारी तालाब मे पानी आने के स्त्रोत पहले जहां से थे वहाँ मकान और सड़के बन गई जिनकी नालियों से कुछ समय पानी इन तालाबों मे आना शुरू हुआ। इसके बाद धीरे धीरे नालों और नालियों मे गंदगी बढ़ने से इन तालाबों मे भी गंदगी बढ़ाने लगी साथ ही इन नालों और नालियों के जल शोधन के लिए जो प्रयास किये जाने थे नगर पालिका अथवा जिला प्रशासन द्वारा वे प्रयास नहीं किये गए। जिसका परिणाम ये हुआ कि हमारे स्वच्छ जल के स्त्रोत दलसागर और बुधवारी तालाब गंदे पानी के टैंक बनकर रह गए। जिसका परिणाम ये हुआ की हमारा भूमिगत जल लगातार प्रदूषित हो रहा है, पिछले दिनों जो वाटर स्पोर्ट्स का प्रस्ताव आया था वो वापस चला गया क्युकी दलसागर का जल मानवीय त्वरचा के लिए हानिकारक है।

गंदगी और प्रदूषण से निकाल कर दलसागर और बुधवारी तालाब को पुनः जीवित करने के लिए नगर पालिका और जिला प्रशासन को आगे आकर कार्य होगा। बबरिया तालाब से बारापत्थर होते कंपनी गार्डन होते हुए जो नहर दलसागर आती थी उसका सीमाकन कर पुनः उसे अतिक्रमण मुक्त कर जीवित कराया जाकर नहर चाहे खुली या आवश्यक हो तो पाइप डालकर बनाई जाए। जिसके माध्यम से बाबरिया के ओवरफ्लो का पानी सीधे दलसागर बुधवारी मे आ सके। इसके लिए नगरपालिका द्वारा सीमांकन कि कार्यवाही जिला कलेक्टर के आदेश पर शुरू भी कि गई है। इसके अलावा



शहर के पानी के शोधन के लिए दूषित जल शोधन संयंत्र भी लगाए जाए कि जल तालाबों मे जाने के पूर्व शोधित हो जाए ताकि भविष्य मे वाटर स्पोर्ट्स और नागरिक स्वास्थ्य बचाने हेतु कार्य किया जा सके।


## अवैध शराब के विरुद्ध बडी कार्रवाई 60 पेटी शराब जप्त की



दमोह पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण जिले में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो अति0 पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर द्वारा थाना कोतवाली के स्टाफ को लगातार दमोह शहर में भ्रमण कर मुखबिर तंत्र मजबूत करने एवं अवैध शराब के के विरुद्ध कार्यवाही हेतु लगाया गया था जिसके तारतम्य में दिनाँक 12.05.2024 को रात्रि शहर भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर बड़ी देवी मंदिर के पास मेन रोड दमोह पर पिकअप क्र स्न्क्क 20श्च 2418 में अवैध शराब परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी चरण सिंह लोधी पिता प्रहलाद सिंह लोधी उम्र 45 साल निवासी गहरा थाना जबेरा एवं राघवेन्द्र लोधी निवासी घाना मैली को रोका गया जो राघवेन्द्र लोधी पिकअप रुकते ही मौके से भाग निकला आरोपी चरण सिंह लोधी के कब्जे से 30 पेटी देशी प्लेन एवं 30 पेटी देशी मसाला कुल 60 पेटी (3000) पाव अवैध शराब कीमती 225000/- रुपये एवं पिकअप क्र स्न्क्क20श्च 2418 जप्त की गयी आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध क्र. 406/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट 130 (3)/177 एमव्ही एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

गिरफ्तार आरोपी चरण सिंह लोधी पिता प्रहलाद सिंह लोधी उम्र 45 साल नि गहरा थाना जबेराफरार आरोपी राघवेन्द्र लोधी निवासी घाना मैली थाना जबेरा मशरूका– 30 पेटी देशी प्लेन एवं 30 पेटी देशी मसाला कुल 60 पेटी (3000) पाव अवैध शराब कीमती 225000/- रुपये बोलेरो पिक स्न्क्क रजिस्ट्रेशन क्र स्न्क्क 20श्च 2418 कीमती 400000/- रुपये सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के नाम थाना प्रभारी कोतवाली निरी0 आनंद सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी हटा निरीक्षक मनीष अहिरवार, थाना प्रभारी मगरौन उनि बी.एल. पटैल, कोतवाली से सउनि गोविंद सिंह, प्र.आर हेमंत अवस्थी, आर. गनपत, आर. राकेश दहायत, आर. मनोज पाण्डेय, आर. विष्णु धुर्वे।

## स्वस्थ एवं स्वच्छ परिवार के लिए माता की भूमिका : ब्रह्माकुमारीज़



छतरपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से मदर्स डे की अवसर पर रविवार को छतरपुर पेप्टेक टाउन में स्थित ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मदर्स डे मनाया गया इस दौरान उपस्थित माता का सम्मान किया गया।

स्वस्थ एवं स्वच्छ परिवार के लिए माता की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रमा बहन ने कहा कि वर्तमान समय में परिवार में बढ़ रही विकृतियों को खत्म कर एकता प्रेम व स्नेह के सूत्र में बांधने का श्रेष्ठ कार्य माता ही कर सकती है साथ ही बताया कि माता केवल माता नहीं लेकिन माता एक विश्व की निर्माता होती है मां का दिल वात्सल्य से पूर्ण होता है वह कभी किसी को दुखी नहीं देख सकती, माता केवल बच्चों को जन्म ही नहीं देती, बल्कि उसका जीवन भर साथ देती है मां बच्चों की प्रथम गुरु है और शिक्षक होती है, मां के संस्कारों का प्रभाव बच्चों में दिखता है मां बच्चों के चरित्र का निर्माण भी करती है, मां में त्याग की शक्ति, शांति, सहनशीलता और प्रेम वात्सल्य के गुणों का भंडार होता है वह अपने बारे में ना सोचकर सदा अपने परिवार और अपने बच्चों के लिए सोचती है और मां सदैव दूसरों के लिए जीती है।

साथ ही इस मदर्स डे कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित माता के हाथों से केक काटा गया कुमारी परिधि चतुर्वेदी ने नृत्य एवं कविताओं की प्रस्तुतियां देखकर मां के प्रति अपनी भावनाओं को प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान माता में अपार उत्साह देखा गया, ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्था की महिला प्रभाग की गतिविधियों की जानकारी दी एवं बीके शिल्पा बहन ने अंत में सभी को राजयोग का ध्यान अभ्यास कराया।

## मनरेगा में लूट की खुली छूट, जानकर भी अनजाने बने अधिकारी,शासकीय राशि का बंदरबांट,ना वसूली ना एफआईआर

**छतरपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना को शासकीय महकमा दीमक की तरह खाने में लगा हो तो योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट क्यों ना चढ़े। नौगांव जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण हेतु 37 लाख 85 हजार रुपए,शासकीय स्वीकृर्ति थी जिसे पूर्व सरपंच, रोजगार सहायक, उप यंत्री, द्वारा गौशाला का अधूरा निर्माण कर 25 से 30 लाख रुपए की राशि का आहरण कर काम बंद कर दिया जो आज खंडहर में तब्दील हो गई है ग्रामीणों ने बताया की गौशाला में अभी दिवाले खड़ी है समय पर शेष कार्य न होने पर गौशाला कभी भी जमी दोज हो सकती है। इसकी जानकारी वर्तमान सरपंच द्वारा दिनांक 7.1.2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नौगांव को दे चुका है योजना में भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन। ग्राम पंचायत में नियुक्त उप यंत्री जो ग्राम पंचायत में प्रस्तावित कार्य का स्टीमेट बनाते हैं जिस पर रोजगार सहायक एस्टीमेट के हिसाब से स्थल पर कार्य करते, मगर अधिक मुनाफा के चक्कर में सब अपना कर्तव्य भूल जाते जिससे प्रस्तावित कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है वर्ष 2020 में स्वीकृत गौशाला आज तक क्यों अधूरी पड़ी क्या पूर्व सरपंच/ सचिव का ग्राम पंचायत से हट जाना, उपयंत्री का स्थानांतरण हो जाना, उच्च अधिकारियों को गुमराह कर कागजों में गौशाला निर्माण हो जाना ?मगर नवनिर्वाचित सरपंच एवं ग्रामीणों ने अधूरी बनी गौशाला निर्माण की शिकायत की तब कभी उप यंत्री सहितअपने अपने बचाव को लेकर ग्राम पंचायत मैं संलिपत पदाधिकारी अधूरे निर्माण कार्य को करने का विचार करने लगे गौशाला में शेष कार्य गौशाला में टीन सेट, भूसा कक्ष, सटर, बछड़ा घर, सर्वेंट क्वार्टर ,बोरवेल खनन बाथरूम, नीचे का फर्श, छाप, पुताई, लाइट फिटिंग ,बाहर की फेंसिंग बाकी है

## बांदकपुर में बनने वाले जागेश्वरनाथ कॉरीडोर के संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

**दमोह** बांदकपुर के विकास के लिए सरकार की योजना है, इस योजना के अंतर्गत एक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा हैं, मास्टर प्लान के अलग-अलग फेस में कार्य किए जाने समिति के सदस्य और अन्य संबंधितो के साथ मास्टर प्लान पर एक प्रेजेंटेशन देखा गया और सदस्यों से चर्चा की गई। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बांदकपुर में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान समिति अध्यक्ष श्रीसुरेश मेहता, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, पंडित कृपाल पाठक सहित पर्यटन विभाग के अधिकारीगण मोजूद थे। उन्होंने कहा इस चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों, अधिकारियों और यहां के नागरिकों के सभी सुझावों को समन्वय करके आगे के चरणों मे कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा यह बहुत ही प्रारंभिक चर्चा हैं और इस प्रारंभिक चर्चा के बाद कोशिश की जाएगी की जून के अंत तक सारी चीज सेटल डाउन कर कर ली जाये, ताकि जल्दी से जल्दी काम आगे शुरू हो सके। कलेक्टर ने कहा यह अभी प्रारंभिक स्टेज है, विभिन्न चरणों में कार्य किया जायेगा। अभी भी अनुमानित लागत लगभग 100 करोड़ के आसपास की है, इन सुझाव को इनकॉरपोरेट करने के बाद हो सकता हैं वह बढ़ जाए या घट जाए, परिवर्तन उसमें संभव हैं इसलिए यह बहुत ही प्रारंभिक स्टेज हैं, इन सुझाव को इनकॉरपोरेट करके लगातार इस पर काम करेंगे और लगातार इसकी समीक्षा की जाएगी।

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
Idashisha Nongrang appointed DGP Meghalaya on May 12
(WE SAID THIS ON MAY 8, 2024)
Idashisha Nongrang to be Meghalaya DGP?
Whisper has it that Idashisha Nongrang is being appointed new DGP of Meghalaya. She is a 1992 batch IPS officer of Assam-Meghalaya cadre.


# कोविड से ज्यादा डरावना है वेक्सीन पर विवाद




मण्डला।-इस समय कोविड वेक्सिन को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी को कटघरे में विपक्ष खड़ा कर रहा है। विवाद इतना बढ़ गया है कि लोगों के मन में डर बैठने लगा है। वे किसी भी बीमारी से जूझ रहे हों लेकिन उन्हें लग रहा है कि कोविद वेक्सिन सारी बीमारी की जड़ है। सोशल मीडिया में जिस तरह से वेक्सिन को लेकर अधकचरा ज्ञान बांटा जा रहा है, वह बेहद खतरनाक हो चला है। यह विवाद एक किस्म का चुनावी विवाद है जिसमें अकारण पीएम मोदी की इमेज को डेंट करने की कोशिश की जा रही है। मोदी की छवि इस समय विश्व नेता की है और अभी उनके मुकाबले में कोई दूसरा नहीं है।

कोविड वेक्सिन को लेकर जो बवाल काटा जा रहा है, वह आम आदमी की चिंता नहीं बल्कि एक वैश्विक साजिश की बू आती दिख रही है। आम आदमी को यह जरूर नहीं मालूम की बड़ी कंपनियां खुद के लाभ के लिए ऐसी साजिश रचती आ रही हैं। कई ऐसी बीमारियां जो है ही नही, उसके बारे में फैलाया जाता है डर का व्यापार किया जाता है। कुछ-कुछ मामला इस बार भी ऐसा ही लग रहा है पहले कोविड वेक्सिन का कथित दुष्परिणाम के बारे में डर पैदा किया जाए और भी इससे बचाव के लिए नई दवा बाजार में लाई जाए। इन दवाओं को बेचकर अरबों-खरबों कमाया जा सके। यह बात सर्वविदित है कि भारत इतना बड़ा बाज़ार है कि यहां व्यापार करना लाभ का धंधा है।

वैश्विक कम्पनियों के लिए भारत एक बड़ा बाजार है और बाजार को अपने कब्जे में रखने के लिए पहले डर का माहौल बनाया जाता है और इसके बाद डर को दवा के रूप में या अन्य उपभोक्ता वस्तुओं को बेचा जाता है।पिछले कुछ सालों में शुगर और ब्लडप्रेशर के पेशेंट के साथ अनेक मानसिक बीमारियां युवावर्ग में देखने को मिली है।स्वस्थ्य भारत के बीमार युवा चिंता के केन्द्र में है लेकिन नित नई दवा बाजार में आ रही हैं और इसके सेवन के दुष्प्रभाव से युवाओं को कार्डियक अटैक जैसी जानलेवा बीमारी सामने आ रही है।एक समय इन्हीं वैश्विक कम्पनियों ने एड्स का जाल बिछाया था और एक बार बड़े पैमाने पर दवा बेचने के बाद इस बीमारी को स्थायी बना दिया।इस समय शुगर का प्रतिशत लगातार वैश्विक दबाव में घटाया जा रहा है और एक स्वस्थ्य व्यक्ति अकारण बीमारी की चपेट में आता जा रहा है।कोविड वैक्सिन के दुष्प्रभाव को लेकर हंगामा भी ऐसी ही किसी वैश्विक साजिश का हिस्सा जान पड़ती है।गौर करने लायक बात यह है कि यही वैक्सिन अन्य पीड़ित देशों में भी भारत ने सहायतार्थ भेजी थी लेकिन वहां ऐसा हंगामा नहीं हो रहा है।इस पर अध्ययन और मनन होना चाहिए।

इधर सोशल मीडिया में सुनियोजित ढंग से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ माहौल तैयार करने की भरसक कोशिश की जा रही है।प्रतिपक्ष ऐसे आरोप लगाते हुए भूल जाता है कि यह हमला पीएम नरेंद्र मोदी पर नहीं, बल्कि देश की विश्वनीयता पर सवालिया निशान लगाये जा रहे हैं।यह दुर्भाग्यपूर्ण है एक रिसर्च में आया है कि कोविड वैक्सीन से दस लाख में एक व्यक्ति की मृत्यु संभावित है यह रिसर्च इस बात का पुख्ता संकेत है कि वेक्सीन और मौतों का दुष्प्रभाव शून्य के स्तर पर है।भारत वह देश है जहां आज भी स्वच्छ जल पीने के लिए उपलब्ध नहीं है और ऐसे में अनेक बीमारियों का जन्म होता है।शताधिक मौतें भी अनन्य बीमारियों के चलते होती है।ऐसी बीमारी और मौतों पर कोई हंगामा नहीं होता है।सोशल मीडिया जहां कम्युनिकेशन का बड़ा हिस्सा है,वहीं अफवाहों को बल देने में इसका भरपूर उपयोग होता है।एक लोककथा का सोशल मीडिया के संदर्भ में स्मरण हो आता है कि एक किसान का बैल बीमार हो गया और वह भागा-भागा गांव के पटेल के पास गया और पूछा कि आपने अपने बीमार बैल के लिए क्या उपाय किया था? पटेल ने कहा कि एक बाल्टी पानी में सर्फ घोल कर पिला दिया।किसान ने वैसा ही किया लेकिन उसका बैल मर गया।अपनी शिकायत लेकर वह पटेल के पास पहुंचा और जानना चाहा कि उसके बैल का क्या हुआ था? पटेल ने सपाट शब्दों में कहा कि मेरा बैल भी मर गया था।किसान ने पटेल से कहा कि आपने पहले क्यों नहीं बताया? इस पर पटेल ने कहा कि तुमने मुझसे इलाज पूछा था, इलाज के बाद परिणाम नहीं।आज सोशल मीडिया का यही हाल है,वह उपाय तो जानना चाहता है लेकिन परिणाम के बारे में जाने बिना वह इलाज के लिए निकल पड़ता है।

यह समय बेहद सावधानी का है।कोविड को भी वैश्विक बाजार ने स्थायी बीमारी बता दिया है और अपने लिए बाजार तैयार कर लिया है।वैक्सिन किस वैश्विक कंपनी की बिकेगी,यह भी तय कर लिया जाता है और इस रणनीति के अनुरूप भय और विवाद की जमीन तैयार की जाती है।वैक्सिन कितना खतरनाक है या नहीं है,इसका परिणाम इसके विशेषज्ञ तय करेंगे, लेकिन राजनैतिक दल के नेता चुनावी लाभ लेने जनमानस में डर का माहौल बना रहे हैं, वह कोविड से भी ज्यादा डरावना है।इसलिए सर्तक रहिए, स्वस्थ्य रहिए।

## सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार आय की घोषणा की

**नई दिल्ली।** सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड , अत्याधुनिक सोलर प्रोडक्ट्स और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर्स के एक प्रमुख मैन्युफैक्चरर ने 9 मई 2024 को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग के दौरान 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों का खुलासा किया। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में कुल रेवेन्यू में 13.89 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 136.65 करोड़ रुपये थी और फाइनेंशियल ईयर 24 को समाप्त वर्ष में क्रमशः 27.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 355.26 करोड़ रुपये के साथ हमारे टार्गेटेड कस्टमर्स द्वारा सोलर और ईवी स्पेस में हमारे टेक-इनेबल्ड सॉल्यूशंस की मज़बूत मांग के कारण सालाना आधार पर बढ़ी है। शुद्ध लाभ 6.69 प्रतिशत बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 में 11.80 करोड़ रुपये हुआ। एबिटा ) 18.05 प्रतिशत बढ़कर, दक्षता में सुधार और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के कारण परिचालन के पैमाने में वृद्धि के कारण फाइनेंशियल ईयर 24 में 22.36 करोड़ रुपये हुआ।

इन शानदार परिणामों पर विचार करते हुए, सर्वोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन भाटिया ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, हमने एक पावरहाउस रिजल्ट्स की सूचना दी है और हमारी प्रभावशाली ग्रोथ का श्रेय ईवी और सोलर सेक्टर्स में अत्याधुनिक, टेक्निकली एडवांस्ड सॉल्यूशंस देने के हमारे लक्ष्य को दिया जा सकता है। हमने प्रोडक्ट क्वॉलिटी और एफिशिएंसी बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे हमारे उत्पाद हमारे टार्गेट ऑडियंस की पसंदीदा पसंद बन गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मार्केट ग्रोथ बढ़ रही है। हमने अपनी मैन्युफैक्चरिंग कपैसिटी बढ़ाई है और ईवी चार्जर और सोलर सॉल्यूशंस में इम्पैक्टफुल इनोवेशन भी पेश किए हैं। 5600 से अधिक ईवी चार्जर इम्पैक्ट करने के बाद हमें ईवी चार्जिंग इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में मज़बूत पकड़ बनाए रखने की खुशी है, जिसमें ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस सेग्मेंट में महत्वपूर्ण मार्केट शेयर हासिल करने की क्षमता है।

## भारत से पूरी दुनिया तकः हनुमान भारत का सबसे बड़ा ग्राउंडब्रेकिंग जेन एआई प्लेटफॉर्म अब 98 भाषाओं में लाइव!

**मुंबई , एजेंसी।** एआई होल्डिंग लिमिटेड और एसएमएल इंडिया ने आज भारत के सबसे बड़े बहुभाषी और सबसे किफायती जेनएआई प्लेटफॉर्म 'हनुमान' को लॉन्च करने की घोषणा की, जो 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। इसका उद्देश्य देश की विविध भाषाई और सांस्कृतिक विरासत का लाभ उठाकर भारत के लिए जेनएआई इकोसिस्टम का निर्माण करना है। भगवान हनुमान के नाम से लिया गया यह नाम जेनएआई की शक्ति का उपयोग अधिक से अधिक अच्छे कार्यों के लिए करने के लिए प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हनुमान ने अपने सभी ज्ञान, शक्ति और ताकत के साथ हमेशा राम की निष्ठापूर्वक सेवा की और हम चाहते हैं कि हनुमान उसी जेनएआई शक्ति को मानवता तक पहुंचाएं। हनुमान को एसएमएल इंडिया ने 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। प्लेटफ़ॉर्म का लक्ष्य लॉन्च के पहले वर्ष के भीतर 200 मिलियन उपयोगकर्ताओं तक पहुँचना है। लॉन्च ककेतहत एसएमएल इंडिया ने एचपी, नैसकॉम और योट्टा जैसे अग्रणी प्रौद्योगिकी दिग्गजों और इनोवेटर्स के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की।

## एक सेल्समैन जो बन गया रिलायंस से चार गुना बड़ी कंपनी का गुड लक, वॉरेन बफे भी मानते हैं लोहा



नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिका का जाने-माने इन्वेस्टर वॉरेन बफे को भला कौन नहीं जानता। दुनियाभर के निवेशक उन्हें अपना आदर्श मानते है। बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे का मार्केट कैप 889.52 अरब डॉलर है जो भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (228.03 अरब डॉलर) से करीब चार गुना अधिक है। बफे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में नौवें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 136 अरब डॉलर है। बर्कशायर हैथवे के इंश्योरेंस बिजनस को भारतीय मूल का एक व्यक्ति संभालता है। उनका नाम अजित जैन है। बफे उन पर सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। वह तो अजित जैन को कंपनी के लिए गुड लक हायरिंग मानते हैं। जैन 1986 में बर्कशायर हैथवे से जुड़े और आज कंपनी में वाइस चेयरमैन हैं। कुछ साल पहले यह चर्चा थी कि बफे उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना सकते हैं। अजित का जन्म ओडिशा के एक छोटे से शहर सुंदरगढ़ में हुई थी। उन्होंने कटक के स्टीवर्ट स्कूल से पढ़ाई की और फिर आईआईटी खड़गपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री ली। जैन ने 1973 में दिग्गज टेक कंपनी आईबीएम में सेल्समैन के तौर पर अपना करियर शुरू किया लेकिन तीन साल बाद ही उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ा।

## दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की चेक पोस्ट पर मनाया गया विधायक गौरव सिंह पारधी का जन्मदिन........



दिल्ली/ बालाघाट। मप्र भारतीय जनता पार्टी के युवा तुर्क विधायक गौरव सिंह पारधी की इन दिनों देश की कैपिटल दिल्ली में दक्षिणी लोकसभा सीट पर भाजपा के विजय अभियान को लेकर हाई कमान के इशारे पर तैनाती की गई है। युवा तुर्क विधायक गौरव सिंह भाजपा सैनिकों के साथ इस सीट पर डेरा डाले हुए हैं। 25 मई को दिल्ली प्रदेश में छठवें फेस का मतदान होना है। 25 मई तक गौरव सिंह दिल्ली रहेंगे और भाजपा के मिशन 400 पार पर अपनी चेक पोस्ट पर भाजपा का झंडा लहराएंगे। इस बीच 11 मई को उन का जन्मदिन था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दक्षिणी लोकसभा की सीट पर तैनात गौरव सिंह का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया और शाम को जनसंपर्क और सभा के बाद युवा तुर्क विधायक गौरव सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

## मिस्टर, मिस और मिसेज एमपी सीजन-2 का ग्रैंड फिनाले रेडिसन होटल में आयोजित किया गया।

मिस्टर, मिस और मिसेज एमपी सीजन-2 का ग्रैंड फिनाले रेडिसन होटल में आयोजित किया गया। इस दौरान मेल-फीमेल प्रतिभागी वेडिंग कलेक्शन ड्रेस और वेस्टर्न अटायर में रैंप वॉक करते दिखे। इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर अमन वर्मा और मेघना नायडू मौजूद रहे और कार्यक्रम की एंकरिंग की कमान संभाली। यह पैजेंट कॉन्टेस्ट मिसेज एशिया फरहा अंवर द्वारा आयोजित किया गया। मप्र के अलग-अलग हिस्सों से आए 50 फाइनलिस्ट्स को फिनाले में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला।

## एमजी मोटर्स का '100-ईयर लिमिटेड एडिशन' भारत में लॉन्च




गुरुग्राम- ब्रिटिश ऑटोमोबाइल उत्कृष्टता के प्रतीक, एमजी (मॉरिस गैरेज) ने अपनी शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में '100-ईयर लिमिटेड एडिशन' वाहनों की एक विशेष श्रृंखला भारतीय बाजार में पेश की है। इस विशेष संस्करण में ब्रिटिश रेसिंग ग्रीन से प्रेरित 'एवरग्रीन' रंग की विशेषता है, जो एमजी के रेसिंग इतिहास और शिल्प कौशल को सम्मानित करता है।

इस श्रृंखला में एमजी हेक्टर, स्न्न ंस्र श्चड्ड, स्न्न ह्यह्लश्व, और स्न्न ष्टश्वद्वद्गह्ल जैसे मॉडल शामिल हैं, जिनकी कीमतें क्रमशः द्धह्नक्र 21,19,800, द्धह्नक्र 24,18,000, द्धह्नक्र14,80,800 और द्धह्नक्र9,39,800 हैं। इन वाहनों को अनूठे 'एवरग्रीन' एक्सटीरियर और तारों वाली काली फिनिश वाली छत के साथ पेश किया गया है, जो इन्हें एक आकर्षक और स्पोर्टी लुक प्रदान करता है।

एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, सतिंदर सिंह बाजवा ने इस लॉन्च पर कहा, ÷हमारा 100-वर्षीय सीमित संस्करण हमारी विरासत और ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के प्रति हमारे जुनून का प्रतीक है। 'एवरग्रीन' रंग हमारे ब्रांड की पहचान और विरासत को परिभाषित करता है।÷ यह विशेष संस्करण न केवल एमजी की ऐतिहासिक विरासत को संजोता है, बल्कि ऑटोमोटिव उद्योग में आगामी वर्षों के लिए इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस लॉन्च के साथ, एमजी ने अपने ग्राहकों को एक अनूठा अवसर प्रदान किया है जो उन्हें एक विशेष और सीमित संस्करण वाहन के मालिक बनने का मौका देता है, जो एमजी के शताब्दी वर्ष का जश्न मनाता है।

## 3.60 डिविडेंड दे रहा यूनियन बैंक, सुस्त पड़ा शेयर, 175 तक जाएगा भाव




नईदिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जनवरी से मार्च तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 18.36 प्रतिशत बढ़कर 3,328 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने बताया कि फंसे हुए कर्ज के लिए कम प्रावधान के चलते उसका मुनाफा बढ़ा। एडवांस में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि से मुख्य शुद्ध ब्याज आय 14.38 प्रतिशत बढ़कर 9,437 करोड़ रुपये हो गई और शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़कर 3.10 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 2.97 प्रतिशत था।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए मणिमेखलाई ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ऋण वृद्धि 11-13 प्रतिशत और जमा वृद्धि 9-11 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। फंसे हुए कर्ज के लिए कुल प्रावधान सालाना आधार पर 4,041 करोड़ रुपये से घटकर 3,222 करोड़ रुपये हो गया।

इस सरकारी बैंक यानी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। इसके तहत 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 3.60 प्रति इक्विटी शेयर या 36 प्रतिशत के डिविडेंड की सिफारिश की है।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शेयर की बात करें तो 142 रुपये कीमत है। इस शेयर ने अप्रैल 2024 में 163.15 रुपये के हाई को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। बता दें कि जून 2023 में शेयर 68 रुपये पर था, जो 52 हफ्ते का लो है। बैंक के मार्केट कैपिटल की बात करें तो 1,08,435.37 करोड़ रुपये है।

## आनंद महिंद्रा ने दिखाई देश की पहली हवाई टैक्सी की झलक



नईदिल्ली, एजेंसी। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी बड़ी फैन फालोइंग है। अभी हाल ही में आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर देश की पहली हवाई टैक्सी की झलक दिखाई है। इसे उन्होंने ट्रांसपोर्ट की दुनिया में इनोवेशन बताया है। आनंद महिंद्रा ने इस फ्लाइंग कार के फीचर्स की जानकारी भी शेयर की है। उन्होंने संभावना जताई है कि अगले साल तक यह भारत में लॉन्च हो सकती है। यह फ्लाइंग टैक्सी एक बार में 200 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। इसमें दो लोगों के बैठने की जगह होगी। यह फ्लाइंग टैक्सी 200 किलोग्राम तक का वजन उठा सकती है। आनंद महिंद्रा ने इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार की फोटो के साथ एक पोस्ट भी शेयर की है। आईए आपको बताते हैं ये फ्लाइंग टैक्सी कैसी होने वाली है।

आनंद महिंद्रा ने एक्स पर इस हवाई टैक्सी की फोटो शेयर की है। उन्होंने लिखा है कि आईआईटी मद्रास के द्वारा भारत की पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी के निर्माण के लिए ईप्लेन कंपनी बनाई जा रही है। यह इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार अगले साल तक उड़ान भर सकती है। इसी के साथ ही उन्होंने अपनी पोस्ट में आईआईटी मद्रास को दुनिया के रोमांचक और सक्रिय इनक्यूबेटरों में से एक बताया है। साथ ही आनंद महिंद्रा ने देश बढ़ते इनक्यूबेटरों की बढ़ती संख्या के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब देश नए आविष्कार करने में पीछे नहीं है। आनंद महिंद्रा ने अपनी पोस्ट में आईआईटी मद्रास के द्वारा बनाई जाने वाली इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी के फीचर्स भी शेयर किए हैं।

दुनिया का नया इनोवेशन

आनंद महिंद्रा ने इस हवाई टैक्सी को दुनिया का नया इनोवेशन बताया है। आनंद महिंद्रा ने देश की पहली टैक्सी की फोटो ट्वीट करते हुए ऐसी इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी मद्रास की तारीफ भी की है। उन्होंने इसे भविष्य का वाहन बताया है। आनंद महिंद्रा ने संभावना जताई है कि देश में अगले साल तक हवाई टैक्सी से सफर करने की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस हवाई टैक्सी को ईप्लेन कंपनी आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर डेवलेप कर रही है। ईप्लेन चेन्नई स्थित स्टार्टअप कंपनी है। इस कंपनी को पिछले साल डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट बनाने के लिए मंजूरी मिल गई थी।

## 37 लाख रुपए में बेचे गए 6 माह के मासूम की अजब कहानी



भोपाल। किडनैपिंग की ये पूरी घटना मध्य प्रदेश की रीवा जिले के सिविल लाईन से बीते मंगलवार यानी ( 07 मई 2024 ) की रात से जुड़ी है। पुलिस के मुताबिक उस रात रीवा के सिविल लाईन में अज्ञात बाईक सवार बदमाश आते हैं और फुटपाथ पर मां-बाप के साथ सो रहे 6 महीने के मासूम बच्चे को अगवा कर लेते हैं। मासूम के अपहरण की घटना से पूरे जिले में हड़कंप मच जाता है। आनन- फानन में पुलिस प्रशासन ने मासूम की तलाश के लिए दबिश देना शुरू किया। पुलिस का सर्चिंग अभियान रंग लाया। पुलिस ने बच्चे को मुंबई के कल्याण से बरामद किया, साथ ही अपहरण मामले में 6 आरोपियों को भी गिरफ्तार करके रीवा लाया गया है।

दो बार बेचा गया मासूमः जांच में पाया गया कि आरोपी नितिन सोनी अपनी पत्नी स्वाति के साथ मउगंज आया था। जिसने अपने साथी मो. हारून, मो. सलीम, मुस्कान रावत, देवेश जयसवाल और गुड्डू गुप्ता के साथ मिलकर किडनैपिंग की योजना बनाई। प्लानिंग के तहत वे 6 माह के बच्चे को किडनैप कर महाराष्ट्र के मुंबई शहर ले गए। जहां नितिन और स्वाती ने बच्चे को अमोल मधुकर,अरवी उर्फ सेजल और प्रदीप कोलम्बे को 8 लाख में बेच दिया। उसी बच्चे को अमोल मधुकर और सेजल ने श्रीकृष्ण संतराम पाटिल को 29 लाख में बेच दिया। अमोल मुंबई के एक जाने-माने अस्पताल में अटेंडेंर का काम करता है, जबकि उसकी पत्नी अर्बी एक शेयर ट्रेडिंग कंपनी के लिए काम करती है। वहीं कृष्ण संत राम पाटिल मध्यप्रदेश के रायगढ़ का रहने वाला है जो महाराष्ट्र में रहता है। वो पेशे से एक शिक्षक है। शादी के कई साल बाद भी उसे कोई संतान नहीं थी तो उसने आरोपियों के साथ मिलकर 29 लाख रुपए में बच्चे का सौदा तय कर डाला। शिक्षक को नहीं थी संतान तो शिष्य को सौंपा काम बच्चे को खरीदने वाले पाटिल ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 53 साल की उम्र में उसकी कोई संतान नहीं है। सालों से कई वैद्य,हकीम और डॉक्टरों के चक्कर लगाने और इलाज में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए फैसला किया कि किसी ना किसी को बुढ़ापे का सहारा बनाकर रहूंगा। इसलिए मैंने अपने पढ़ाए हुए शिष्य अमोल मधुकर से संपर्क किया। अमोल मधुकर ने यह बात अपनी पत्नी अर्बी उर्फ सेजल को बताई।

## 120 से टूटकर 1 तक आया अनिल अंबानी का शेयर, अब फिर शुरू होगी ट्रेडिंग!



नईदिल्ली, एजेंसी। भारी कर्ज की वजह से अनिल अंबानी की ज्यादातर लिस्टेड कंपनियां दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही हैं। इनमें से कुछ कंपनियों को खरीदार भी मिल चुका है। उदाहरण के लिए हाल ही में रिलायंस कैपिटल को हिंदुजा समूह की कंपनी ने खरीदा है तो रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड (आरएनईएल), स्वान एनर्जी लिमिटेड की झोली में गई है। अब स्वान एनर्जी की ओर से रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग के अधिग्रहण पर एक अहम जानकारी दी गई है।

स्वान एनर्जी ने बीएसई फाइलिंग में कहा कि रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड (आरएनईएल) के मौजूदा शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 275 इक्विटी शेयरों के लिए एक (1) इक्विटी शेयर जारी करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस प्रक्रिया का आदेश एनसीएलटी की अहमदाबाद पीठ के 23 दिसंबर, 2022 को दिया था। अब इसी के साथ

रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड स्टॉक एक्सचेंजों से दोबार लिस्टिंग की मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। स्वान एनर्जी ने कहा कि लिस्टिंग की प्रक्रिया स्टॉक एक्सचेंजों की मंजूरी का इंतजार है।

बता दें कि रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड की ट्रेडिंग लंबे समय से बंद है। साल 2010 में 120 रुपये के इस शेयर ने निवेशकों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। मार्च 2023 में इस शेयर की कीमत 99 फीसदी गिरकर 1.61 रुपये तक पहुंच गई। शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स नहीं हैं बल्कि पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 100 फीसदी हिस्सेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स की बात करें तो एलआईसी में 7.93 फीसदी या 58,46,5899 शेयरों की हिस्सेदारी है।

बता दें कि एनसीएलटी ने कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजॉलूशन प्रोसेस के तहत अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के लिए हाजेल इंफ्रा लिमिटेड की बोली को मंजूरी दी। हाजेल इंफ्रा लिमिटेड, स्वान एनर्जी की 74 पर्सेंट हिस्सेदारी और हाजेल मर्केंटाइल लिमिटेड की 26 पर्सेंट हिस्सेदारी वाला एसपीवी (स्पेशल पर्पज व्हीकल) है। यह डील 2100 करोड़ रुपये की थी।

## 20 रुपये के शेयर को खरीदने की लूट, मुकेश अंबानी की है कंपनी



नईदिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी की कुछ ऐसी भी कंपनियां हैं जिनके शेयर पेनी कैटेगरी में आते हैं। ये शेयर 50 रुपये से भी कम कीमत पर कारोबार कर रहे हैं। ऐसी ही एक कंपनी हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड है। इस कंपनी के शेयर की कीमत 20 रुपये से कम है। इस कंपनी का मालिकाना हक मुकेश अंबानी की रिलायंस के पास है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हैथवे केबल एंड डाटाकॉम लिमिटेड के शेयर की कीमत 20.83 रुपये थी। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। शेयर ने फरवरी 2024 में 27.90 रुपये के स्तर को टच किया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। वहीं, मई 2023 में शेयर की कीमत 13.10 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।

हैथवे केबल एंड डाटाकॉम के मार्च तिमाही की बात करें तो इसके प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी थी। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25 फीसदी है। इस कंपनी के प्रमोटर्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज के वेंचर- जियो कंटेंट डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड, जियो इंटरनेट डिस्ट्रिब्यूशन होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के अलावा जियो केबल एंड ब्रॉडबैंड होल्डिंग शामिल हैं।

बीते दिनों हैथवे केबल एंड डाटाकॉम के मार्च तिमाही के नतीजे जारी हुए। इस नतीजे की बात करें तो 34.57 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ। हालांकि, वित्त वर्ष 2023 की मार्च तिमाही में 14.62 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। तिमाही अवधि के दौरान केबल टेलीविजन सेगमेंट से कंपनी का राजस्व 330.62 करोड़ रुपये रहा। ब्रॉडबैंड कारोबार 153.85 करोड़ रुपये और सिक्योरिटीज में लेनदेन से राजस्व 8.90 करोड़ रुपये रहा। अगर परिचालन से राजस्व की बात करें तो यह सालाना आधार पर 7.35 प्रतिशत बढ़कर 493.37 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, कुल खर्च सालाना आधार पर 1.86 प्रतिशत बढ़कर 493.52 रुपये पर पहुंच गया। हैथवे केबल एंड डाटाकॉम भारत में सबसे बड़े मल्टीपल-सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) और केबल ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइडर में से एक है।

## अभिनय एवं राइटिंग का हुआ ऑडीशन

**54 प्रतिभाओं ने दिया ऑडिशन15 मई को पुनः होंगे ऑडिशन**

छिंदवाड़ा। किरदार संस्थान छिंदवाड़ा द्वारा जिले की अभिनय एवं लेखन से जुड़ी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऑडीशन का आयोजन किया गया। ऑडीशन का प्रारम्भ निर्णायकों के स्वागत से किया गया। कार्यशाला के लिए संस्थान में 54 पंजीयन हुए जिससे ऑडीशन शाम तक सम्पन्न हो पाए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पवन नेमा द्वारा बताया गया कि शाम तक कुल 54 प्रतिभाओ ने अपने अभिनय का परिचय ऑडीशन के दौरान दिया। ऑडीशन के निर्णायक के रूप में डॉ. दिलीप खरे,डॉ पवन नेमा, ऋषभ स्थापक ए विशाल शुक्लाए शशांक दुबे एवं आयुष शुक्ला रहे। ऑडीशन के संयोजन में विप्र वर्मा एवं गर्व घोंघे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
ऑडीशन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक अभ्यर्थी शामिल हुए जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। युवाओं का उत्साह शाम तक भी अपने उछाल पर था। इसके उपरांत संस्थान द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को कार्यशाला में थियेटर बेसिक्स, कंटेंट राइटिंग, फेस एक्सप्रेशन, वॉयस मॉड्यूलेशन, डॉयलॉग डिलेवरी, बॉडी मूवमेंट, शार्ट फिल्म मेकिंग इंट्रोडक्शन, डॉयलॉग डिलेवरी एवं पब्लिक परफॉर्मेंस के गुर सिखाए जाएंगे। देर शाम होने एवं अन्य अभ्यर्थियों को मौका देने के लिए किरदार संस्थान द्वारा 2 दिन बाद 15 मई दिन बुधवार को भी डॉ. दिलीप खरे पंचकर्म सेंटर बड़वन में ऑडिशन का आयोजन प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक किए जायेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे हुए बंद



## 2 घंटे की मशक्कत के बाद कैमरे व स्केन मशीन सुधरी

छिंदवाडा। आज दोपहर को अचानक आंधी तूफान और बारिश के साथ बिजली गिरने से पीजी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम के कुछ विधानसभा के सीसीटीवी कैमरे बन्द हो गए। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे चालू करवाए। बता दें कि दोपहर 2 बजे कारण अचानक बारिश का मौसम बन गत। इस दौरान आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने से स्ट्रांग रूम के तीन विधानसभा के कैमरे बन्द हो गए। जिसमे छिंदवाडाए जुन्नारदेव और अमरवाड़ा शामिल है।

तत्काल मौके पर मौजूद रक्षा कर रहे कांग्रेस भाजपा के एजेंटों ने अपर कलेक्टर केसी बोपचे को सूचना दी। मौके पर तत्काल अधिकारी पहुंचे। उन्होंने ऑपरेटर की मदद से 45 मिनट की मशक्कत के बाद बन्द सीसीटीवी दुरुस्त करवाए। उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से कुछ कैमरे बन्द हो गए थे। चालू करवा दिए गए है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पर्याप्त बल लगा है। वही कांग्रेस भाजपा के एजेंट भी संतुष्ट है।

### 34 कैमरों से हो रही निगरानी

बता दें कि सात विधानसभा और वेटेल मतपत्र के लिए 8 स्ट्रांग रूम बनाए गए है। सभी मे चार चार कैमरे लगे है। वही दो कैमरे एक्सट्रा लगाए गए है। जिनसे 15 लोकसभा उम्मीदवारों के कैद भविष्य के ईवीएम मशीनों की निगरानी की जा रही है।



## रानी दुर्गावती पर सोशल मीडिया में गलत कमेंट पर नाराज हुआ आदिवासी समाज

*जनजाति मंच द्वारा कार्रवाई करने एफआईआर दर्ज की जा रही : प्रकाश उइके*

**छिंदवाड़ा।** रानी दुर्गावती जी को लेकर सोशल मीडिया में गलत कमेंट करने पर आदिवासी समाज के पदाधिकारी ने नाराजी व्यक्त की है । जनजाति सुरक्षा मंच के प्रकाश उइके, गुरुप्रसाद धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कांता ठाकुर और अन्य पदाधिकारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती को लेकर दो व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया में गलत कमेंट किया गया है इसकी रिपोर्ट समाज के द्वारा लिखी जा रही है और जिन्होंने कमेंट किया उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। जनजाति सुरक्षा मंच के प्रकाश उइके ने बताया कि देश में मंच जनजाति सुरक्षा देश के 235 जिले में काम कर रहा है इसकी स्थापना 2006 में की गई थी । जनजाति समुदाय की 750 रजिस्टर जनजातीय है जिन्हे आरक्षण का लाभ मिल रहा है। 24 जून को रानी दुर्गावती जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम किया जाएगा । साथ ही 5 अक्टूबर 2024 को उनका जन्म दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

## अपूर्वा जैन को अमेरिका में मिली पीएचडी की उपाधि



**छिंदवाड़ा।** प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अभय कुमार जैन प्रबंधक ज़िला सहकारी बैंक छिंदवाड़ा व सुषमा जैन प्राचार्य की सुपुत्री अपूर्वा जैन को यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सस डॉलस यूएसए ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। पीएचडी में उनका कार्य क्षेत्र सेमी कंडक्टरस पे रहा। डॉ अपूर्वा जैन ने केंद्रीय विद्यालय छिन्दवाड़ा से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की एउसके उपरांत उन्होने बिट्स पिलानी से बीई ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इकोनॉमिक्स की ड्यूल डिग्री प्राप्त की फिर उन्होंने अमेरिका से एमएस की उपाधि यूनिवर्सिटी ऑफ़ डॉलस और उसके उपरांत पीएचडी की उपाधि भी यूनिवर्सिटी ऑफ़ डालस से प्राप्त की। अभी डॉ अपूर्वा जैन इंटेल कंपनीए पोर्टलैंड में अपनी सेवाए दे रही है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता पिता एवं परिजनों को दिया है।

*जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का व्दितीय दिवस*

## जिला शिक्षा अधिकारी व डीपीसी द्वारा किया गया निरीक्षण

छिन्दवाड़ा। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला 2024 के व्दितीय दिवस में स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म के विक्रेताओं द्वारा 5 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल एवं डीपीसी जे.के.इड़पाची द्वारा प्रत्येक काउंटर का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही सभी कक्षों में दो प्राचार्य एवं 1 बीएसी, 2 जनशिक्षकों की टीम लगाई गई है जो कि सतत् निगरानी बनाये हुये है एवं कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसमें अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उसमें कोई भी पालक, दुकानदार क्रय-विक्रय संबंधी समस्या की शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकता है। पालकों से आह्वान किया गया है कि पुस्तक एवं गणवेश मेले में आकर शिक्षण सामग्री में विशेष छूट का लाभ लें। मेले में आज पालकों, बच्चों एवं अभिभावकों की संख्या लगभग 2200 रही।

## अहिल्या बाई की जयंती मनाएगा पाल समाज



**छिन्दवाड़ा।** जिला पाल धनगर समाज संगठन छिंदवाड़ा की विशेष मासिक बैठक का आयोजन रविवार को आईपीएस कॉलेज परासिया रोड में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शशिकांत पाल द्वारा की गई। बैठक में भवन निर्माण की समीक्षा विस्तार से की गई एवं अहिल्याबाई होलकर जयंती की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा चांद क्षेत्र से वरिष्ठ उपाध्यक्ष का मनोनयन भौरी पाल का किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी चैतराम पाल, संरक्षक रोशन लाल पालएकार्यकारी अध्यक्ष भेदीलाल पालएवरिष्ठ उपाध्यक्ष मदनलाल पाल, रामदास पाल, जिला सचिव रुपेश पाल, कोषाध्यक्ष कैलाश पाल, संयुक्त सचिव तुलसीराम पाल , नवयुवक अध्यक्ष पप्पू पाल, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्याम सुंदर पाल, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्याम पालएशंकर पाल तामिया, राम सुमेर पाल चांद सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## खुले में मांस बेचने पर निगम ने की कारवाई

**छिंदवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मटन मछली का विक्रय प्रतिबंधित है आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार आज नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आजाद चौक मटन मार्केट में खुले में मांस मटन विक्रय कर रहे दुकानदारों पर कार्यवाही की जाकर पांच दुकानों को हटाया गया साथ ही 2 किलो मांस जप्त कर विनिष्टिकरण किया गया कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल मंगेश राव पवार एवं जोन प्रभारी अनिल लोट उपस्थित थे।

## जिनका जीवन समाधिमय होता है उनका मरण भी समाधिमय होता है : सुमतप्रकाश



**छिंदवाड़ा:** धन्य हैं वे जीव जो भोगों को छोड़कर आराधना में लगते हैंए सफल निर्यापक ही समाधि करने एवं कराने में समर्थ होता है और जिनका जीवन समाधिमय होता है उनका मरण भी समाधि में होता है ऐसे सुंदर सुंदर उदगार से नगर का अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन गुंजायमान हो उठा जिसे रविवार को अपने मंगल प्रवचनों में व्यक्त किए बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी जैन खनियाधाना वालों ने। इस अवसर ब्रह्मचारी महेंद्र जैन एवं चर्चित शास्त्री ने भी अपने सुंदर उदगार व्यक्त कर समाधि साधना प्रशिक्षण शिविर का महत्व बताया और सकल समाज से सम्मिलित होने की अपील की। श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में आज से 9 दिवसीय समाधि साधना प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ हो रहा है जिसमे जिले सहित पूरे देश पधारे जिनशासन सेवक साधर्मीगण लाभ लेंगे जिनके आवास एवं भोजन की व्यवस्था मण्डल एवं फेडरेशन द्वारा की गई , फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया की शिविर का शुभारंभ आज सोमवार को प्रातः 5 बजे प्रार्थना एवं धर्म सभा से वीतराग भवन में होगा पश्चात 7 बजे से श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में श्री जिनेन्द्र पूजन

**वीतराग भवन में समाधि साधना प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ आज से**

एवं 8.30 बजे से शिविर का उदघाटन शिविर आमंत्रणकर्ता गोविंद जैन परिवार द्वारा, 8.40 से गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचन एवं 9 बजे से बाल ब्रह्मचारी सुमत प्रकाशजी जैन के प्रवचन होंगे, दोपहर की सभा का प्रारंभ 2 बजे सामूहिक पाठ से होगाए 2.30 बजे से कक्षा एवं 3.30 बजे से कार्यशाला का आयोजन होगा, रात्रि 7 बजे से जिनेन्द्र भक्ति, 8 बजे से प्रवचन एवं 9 बजे से कार्यशाला का आयोजन होगा जिसका लाभ सकल समाज को मिलेगा। यह कार्यक्रम नियमित रूप से प्रतिदिन 21 मई तक चलेगा जिसमे सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है।

## वाटर कूलर का पानी प्लेटफार्म पर बह रहा




**छिंदवडा :** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत आने वाले छिंदवाडा रेल्वे स्टेशन में पानी पीने के ठंडे वाटर कूलरों से परिसर में पानी बहते रहता है जिसके कारण यात्री फिसलकर गिर सकता है इसको लेकर रेल्वे प्रशासन को ध्यान देना चाहिए क्योंकि यात्री रेल पकडने के लिए तेजी से दौडता है और फर्श गीला होने के कारण यात्री हादसे का शिकार हो सकता है। रेल्वे के कर्मिशियल इंसपेक्टर ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है वे व्यवस्था देखकर उसमें सुधार करेंगे।

## नगरपालिका में हावी बाबूराज

*परिषद के निंदा प्रस्ताव हुए हवा*

**जुन्नारदेव ।** नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव में बाबूराज़ अपने चरम पर है। बाबू के खिलाफ नगरपालिका परिषद ने सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया था।कुछेक तो नगर के चौंक-चौराहों पर अपनी कॉलर ऊंची करते फिर रहे थे कि हमने बाबू को निपटा दिया। पर यह बाबू की कलाकारी ऐसे की मामला सेटमेक्स होता दिखा साथ ही नगरपालिका के दिग्गज कहलाकर नगर में शेखी बघार रहे लोग इस बाबू का नाम लेना भी भूल गए। वहीं नस्ती कोटे में मलाई मारकर मस्ती में चूर यह बाबू को नगरपालिका का एक अधिकारी सर कहकर संबोधित करने की जनचर्चा भी है। फिलहाल जुन्नारदेव नगरपालिका के इतिहास की सबसे ताकतवर कहाने वाली परिषद पर बाबू ज्यादा हावी होता दिख रहा है। अब अध्यक्ष को आगे आकर स्पष्ट करना चाहिए कि निंदा प्रस्ताव उनकी गलती था या बाबू इनपर भारी है नगर की जनता को इंतजार है।

## म.प्र.पेंशनर्स समाज की बैठक में लिये निर्णय

**परासिया ।** रविवार को म.प्र.पेंशनर्स समाज परासिया की मासिक बैठक अनूप राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । ऐजेंडे के अनुसार सभी विन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिसमें केन्द्र शासन के अनुसार सभी पेंशनरों को 50त्न मंहगाई राहत देने के लिए जिला स्तर से प्राप्त निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। इंकमटेक्स रिटर्न भरने के संबंध में जानकारी दी गई। सभी ने बाउंड्री वॉल,भवन मरम्मत के संबंध में कहा कि बर्षा पूर्व ये कार्य कर लिए जावे। उमरेठ के कुछ पेंशनरों की किस्त लगातार काटी जा रही है। इस के संबंध में महाराष्ट्र बैंक के मैनेजर से संपर्क किया जावेगा। बैठक में मुख्य रूप से डी के मिश्रा, डी एन दुबे, डी पी खंडेलवाल, जेठूलाल सोनी, इक़बाल खान , श्रीकांत शुक्ला, शालिगराम राय, के पी कश्यप, श्रीमती ऐगनस, राज, नरेंद्र कुमार उइके, श्रीमती चन्द्रा यादव, श्रीमती चन्द्रकान्ता जैन श्रीमती गीता देवी बुनकर, श्रीमती नम्रता गांगोली आदि उपस्थित रहे।

## हम सब प्रकृति के अद्वितीय अंग हैं : गगन कोल्हे

**रेडक्रास के प्रांतीय चेयरमेन श्री कोल्हे को किया सम्मानित**

**छिंदवाड़ा:** आप सभी समाज सेवा में केवल डिग्री ही नही ले रहे अपितु इस समाज के सच्चे और इंसान बनने की सीख भी ले रहे है। आप अपने जीवन में अच्छे इंसान बने ये पैमाना डिग्री लेने कही ज्यादा महत्वपूर्ण है। उक्त बाते जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू कर रहे स्टूडेंटों को आई पी एस कॉलेज छिंदवाड़ा में भारतीय रेडक्रास सोसायटी के प्रांतीय चेयरमेन डाक्टर गगन कोहले जी ने कही ।बौद्धिक कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू क्लास के परामर्शदाता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद विनोद तिवारी,मेंटर्स श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।डाक्टर कोहले जी ने पर्यावरण संरक्षण के विषय में अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा की हम सब प्रकृति के अद्वितीय अंग है।उन्होंने ग्लोबल वार्मिग पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा की प्रकृति को मनुष्य ने जितना नुकसान पहुंचाया है उसका खमियाजा हम भुगत रहे है अल्प वर्ष, तेज गर्मी ,ठंड का पता है नही ये सब गड़बड़ाने के पीछे मनुष्य ने अपने निजी स्वार्थों के चलते अंधाधुंध पेड़ो की कटाई,गांव गांव में ऊंची ऊंची सीमेंट की इमरते जिसे कंक्रीट के जंगल भी कहा सकते है उसी का परिणाम है।ज्यादा फसल के चक्कर में रासायनिक उर्वरता का उपयोग धरती को बंजर करने कदम है इससे बचना चाहिए उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद युवाओं में सकारात्मक सोच के साथ तैयार कर रहे समग्र सोच का व्यक्तित्व। कार्यक्रम संचालन करते हुए परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की हम सभी का सौभाग्य है की राज्य चैयरमेन एवम प्रबुद्ध व्यक्तित्व के धनी डाक्टर गगन कोल्हे जी ने आज हम सभी की समझ को बृहद सोचने की दिशा में नए दृष्टिकोण पैदा किए है। कैसे अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से कैसे बचाया जा सकता है बताया। हम सभी पर्यावरण के संरक्षण में आपने बताए रास्तों पर चलने का पूरा प्रयास करेगे विश्वास दिलाते है। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली। श्री कोल्हे को चिन्ह भेट कर



## मेंटनेंस के चलते विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत 13 मई को माचागोरा डेम फीडर से जुडे क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत आज 13 मई 2024 दिन सोमवार को 33 के.व्ही. माचागोरा डेम फीडर में सुबह 7 बजे से दोपहर 01 बजे तक मेंटनेंस व रखरखाव का कार्य किया जाना है, जिससे 33 के.व्ही. माचागोरा डेम फीडर के अंतर्गत आने वाले उच्चदाब कनेक्शन की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस मेन्टेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । पूर्व संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत प्री-मानसून मेन्टेनेन्स कार्य के कारण उपसंभाग/वितरण केन्द्र के 33/11 के.व्ही. फीडरों से 13 मई को 7 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी। रोहनाकलां वितरण केन्द्र के रोहनाकलां घरेलू, चारगांव घरेलू, सोनाखार वितरण केन्द्र के कबाड़िया एवं उमरानाला उपसंभाग के मोहखेड़ वितरण केन्द्र के सारोठ मिक्स फीडर, लिंगा वितरण केन्द्र के पालामउ घरेलू फीडर के सभी क्षेत्रों में मेंटेनेंस के कारण विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी

## नाइट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 9 स्थाई वारंटी 76 वारंटियों की गिरफ्तारी



छिंदवाडा : प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के दौरान जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों / अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश (रोकथाम) लगाने, जिले में कानून व्यवस्था व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु दिनांक 11-12 मई को पुलिस अधीक्षक महोदय मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी.सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर एक ही रात्रि के दौरान जिले के स्थाई / गिरफ्तारी वारंटियो व फरार आरोपियो की गिरफ्तारी एवं गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश की चैकिंग, जिला बदर की चैकिंग तथा आबकारी एक्ट / आर्म्स एक्ट के तहत औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 9 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, 76 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 85 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया तथा 89 गुंडा बदमाशो की चैकिंग, 64 निगरानी बदमाशो की चैकिंग, 09 जिला बदर अपराधियों की चैकिंग, 16 जेल से रिहा आरोपियों की चैकिंग, 03 गुम इंसानो की दस्तयाबी, 46 कबाड़ियों की चैकिंग किया गया, आबकारी एक्ट में 07 प्रकरणों में 35 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

## पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए दिए सुझाव

छिन्दवाड़ा। पर्यटन विभाग के एमडी टी.इलैयाराजा को छिंदवाड़ा का पर्यटन ग्राम सावरवानी खूब भाया और उन्होंने यहाँ पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनाए गए होम स्टे के निरीक्षण के लिए सावरवानी पहुंचे एमडी इलैयाराजा का स्वागत परंपरागत तरीके से शंख व ढोलक बजाकर किया गया। इससे वे काफी प्रसन्न दिखे, उन्हें जानकारी दी गई कि सावरवानी आने वाले सारे पर्यटकों का स्वागत इसी तरह किया जाता है। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम सावरवानी में पर्यटन विभाग के एमडी टी.इलैयाराजा टूरिज्म बोर्ड के अन्य अधिकारियों के साथ शनिवार को निरीक्षण पर पहुंचे थे। सावरवानी ग्राम को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से विलेज वेज संस्था के साथ मिलकर विकसित किया है और यहाँ पांच होम स्टे पर्यटकों के लिए खुले हैं और पांच का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पर्यटन विभाग के एमडी टी. इलैयाराजा को पर्यटन ग्राम सावरवानी और होम स्टे काफी पसंद आए। उन्होंने तत्काल निर्देश दिए कि पचमढ़ी में पर्यटन विभाग के जितने भी होटल और रिसोर्ट हैं, उन सभी के परिसर व रिसेप्शन पर सावरवानी के होमस्टे के होर्डिंग-होम स्टे की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक पर्यटकों को सावरवानी के बारे में जानकारी मिल सके। श्री इलैयाराजा ने होम स्टे संचालकों से सारी जानकारी ली और यहाँ की विजिटर बुक में आए फीडबैक को पढ़ा। उन्होंने पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए कुछ गतिविधियां करवाने के सुझाव दिए।

# अबोल पक्षियों से कुछ कुछ सीखे




1. वो रात को कुछ नही खाते।
2. रात को घूमते नही।
3. अपने बच्चे को खुद ट्रेनिंग देते है। दूसरों के पास सिखने कभी नही भेजते।
4. ठूस ठूस के कभी नही खाते। आप ने कितने भी दाने डाले हो। थोड़ा खाके उड़ जायेंगे। साथ कुछ नही ले जाते।
5. रात होते ही सो जायेंगे सुबह जल्दी जाग जायेंगे, गाते गाते उठेंगे।
6. अपना आहार कभी नही बदलते।
7. अपनी बिरादरी मे ही शादी करेंगे ( यानि साथ रहेंगे ) काग और हंस की जोड़ी कभी नही होगी।
8. अपने शरीर से सतत् काम लेंगे. रात के सिवा आराम नही।
9. बीमारी आई तो खाना छोड़ देंगे, तभी खायेंगे जब ठीक होंगे।
10. अपने बच्चे को खुब प्यार देंगे।
11. आपस मे मिलजुल के रहेंगे... कभी नही लड़ते।
12. कुदरत के सभी नियमों का पालन करते है।
3. अपना घर इको फ्रेंडली बनायेंगे।

बहुत ही शिक्षाप्रद !

हम भी इनसे कुछ सीखें तो जीवन सरल, सुंदर व सफल हो जाए।

राजेश नारायण श्रीवास्तव ( एड. )

# भोपाल में आवारा श्वान ने 7 साल के बच्चे पर किया हमला, कमर के निचले हिस्से में कई जख्म

**भोपाल।** शहर की सड़कों पर घूमते आवारा श्वानों द्वारा लोगों और खासकर बच्चों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला जहांगीराबाद इलाके के जिंसी का है, जहां 7 साल के मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। कुत्तों के हमले से बच्चे के कमर के



निचले हिस्से में कई जख्म आए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने कुत्तों को दूर हटाते हुए बच्चे को बचाया। जहांगीराबाद इलाके में तीन हफ्तों में बच्चे पर कुत्तों के हमले की यह तीसरी घटना है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बैंक कालोनी, जिंसी में तासिन खान (7) शनिवार रात करीब 09 बजे सड़क पर खेल रहा था। तभी वहां घूम रहे कुत्तों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और उसे नोंचने लगे। आसपास के लोगों ने दौड़कर उसे कुत्तों से बचाया। बच्चे के स्वजन तुरंत उसे लेकर जेपी अस्पताल पहुंचे, जहां बच्चे का उपचार किया गया और उसे इंजेक्शन लगाए गए।

**पहले भी हुई घटनाएं-** गौरतलब है कि जहांगीराबाद के जिंसी इलाके में बीते तीन हफ्ते में आवारा श्वानों के हमले की यह तीसरी घटना है। विगत 24 अप्रैल को जहांगीराबाद इलाके में एक आवारा श्वान ने राह से गुजर रहे दो बच्चों पर हमला कर दिया था, जिन्हें आसपास के लोगों ने बचाया था। उस आवारा श्वान ने युवक को भी काटने की कोशिश की थी। उसके कुछ दिन बाद ही अफजल कालोनी में एक 12 वर्षीय बच्चे पर भी श्वान के हमले की घटना सामने आई थी। इलाके के लोग आवारा श्वानों के बढ़ते हमलों से परेशान हैं, इसके बावजूद नगर निगम का अमला कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# नजीराबाद दोहरे हत्याकांड में महिला सरपंच सहित 16 के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** नजीराबाद थाना इलाके के शुक्ला गांव में शनिवार सुबह सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। इसमें एक पक्ष के दो लोगों की मौत हो गई थी। दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने महिला सरपंच सहित 16 नामजद लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा करने का केस दर्ज कर लिया है। नजीराबाद थाना प्रभारी एचएस वर्मा ने बताया कि शुक्ला गांव निवासी 28 वर्षीय यशवंत गुर्जर एवं 45 वर्षीय




रंगलाल गुर्जर की हत्या के आरोप में सरपंच भूरीबाई गुर्जर सहित रूपसिंह, हेमराज सिंह, भगवान सिंह, मांगीलाल, विश्राम सिंह, राधेश्याम, संजू, भारत, दयाल, रामनारायण, सूरज, आरामसिंह, प्रताप सिंह, रामबाबू, बलराम व अन्य के खिलाफ हत्या, बलवा का केस दर्ज किया गया है। बता दें कि शनिवार सुबह नौ बजे पूर्व सरपंच गनपत गुर्जर के परिवार से यशवंत गुर्जर और रंगलाल ट्रैक्टर लेकर सरकारी जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे। इस बात का पता चलने पर वर्तमान सरपंच भूरी बाई का पति रूपसिंह अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा और कब्जा करने का विरोध करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों तरफ से फरसा, लाठी, तलवार लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। झगड़े में यशवंत और रंगलाल की मौत हो गई थी। विवाद में हरिनारायण गुर्जर, राजू गुर्जर, दीप सिंह गुर्जर, कंचन गुर्जर और बलराम गुर्जर और दूसरे पक्ष के मांगीलाल, रूपसिंह, संजू आदि घायल हैं।





उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज रायबरेली ( उत्तर प्रदेश ) के प्रवास दौरान ऊंचाहार से विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पांडेय से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस मौक़े पर उनका समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद भी हुआ।



भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र प्रदेश सिंह, लोकसभा सह प्रभारी श्री सतीश उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए बनाये गये वॉर रूम में लोकसभा की 8 सीटों पर हो रहे मतदान को लेकर विभिन्न टोलियों के सदस्यगणों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक श्री हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल एवं चुनाव प्रबंधन विभाग के प्रदेश संयोजक श्री प्रदीप त्रिपाठी सहित विभिन्न टोलियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# नर्मदापुरम में तेंदुए का उत्पात, जाल से निकलकर भागा

## रेस्क्यू टीम पर भी हमला, 7 से ज्यादा कर्मचारी घायल



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के इटारसी के पास ऑर्डनेंस फैक्ट्री एमआरएस क्षेत्र में तेंदुआ ने जमकर उत्पात मचाया। शिकार के चक्कर में तेंदुआ ग्राम पांडरी में पहुंच गया। ग्रामीणों की नजर जब तेंदुए पर पड़ी तो उन्होंने उसे भगाने का प्रयास किया। गुस्साए तेंदुए ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में संतोष और शिव प्रसाद घायल हुए हुए हैं। जिससे क्षेत्रवासी भयभीत हो गए। सूचना मिलते ही रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम पर भी तेंदुआ ने हमला कर दिया। हमले में 6-7 लोग घायल होने की सूचना है। जिनमें ग्रामीण व कर्मचारी शामिल है। घायल कर्मचारियों को इटारसी सिविल अस्पताल लाया गया।

कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को जाल डालकर पकड़ा गया। जिसे बाघदेव चौकी पर लाया गया। कुछ देर बाद तेंदुआ जाल से निकलकर जंगल में भाग गया। जिससे वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। हालांकि एसडीओ मरावी का कहना है कि तेंदुआ को भागा नहीं है, हमने जंगल में छोड़ा है। जंगल में छोड़ने के फोटो वीडियो के संबंध में पूछा तो बोले, देखता हूं किसी ने बनाए होंगे। सूत्रों के मुताबिक तेंदुए को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के चूरना में छोड़ने की तैयारी चल रही थी, लापरवाही के चलते तेंदुआ जंगल में चला गया। तेंदुआ की उम्र करीब 2 साल है।

# मतदान की झलकियां



शंकर लालवानी ने इंदौर में मतदान किया।



अनीता नागर सिंह चौहान ने ग्राम डोबलाझीरी में मतदान किया।



गजेंद्र सिंह पटेल ने गृह नगर बड़वानी







# छिंदवाड़ा में स्ट्रांग रूम के CCTV कैमरे हुए बंद, नकुलनाथ की बढ़ी धड़कन

**छिंदवाड़ा।** स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे बंद होने का मामला सामने आया है। रविवार को छिंदवाड़ा में अचानक आंधी तूफान और बारिश के साथ बिजली गिरने की घटना हुई। बिजली गिरने से पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग



रूम की कुछ विधानसभा के सीसीटीवी की स्क्रीन बंद हो गई। मामले में सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासन के अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सीसीटीवी कैमरे चालू करवाए। सीसीटीवी कैमरों में तकनीकी गड़बड़ी आने की वजह से राजनैतिक पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया। इधर छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से सांसद नकुलनाथ ने × पर ट्वीट कर सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

### कांग्रेस और बीजेपी के एजेंटों ने दी सूचना

बता दे कि रविवार की दोपहर में अचानक बारिश का मौसम बना और आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई, जिसके बाद पीजी कॉलेज में स्ट्रांग रूम के छिंदवाडा, जुन्नारदेव और अमरवाड़ा विधानसभा के कैमरे बंद हो गए। इस दौरान श्वड्कूरूकी सुरक्षा में बैठे कांग्रेस और बीजेपी के एजेंटों ने तत्काल मौके पर पहुंचे और अपर कलेक्टर केसी बोपचे को घटना की सूचना दी।

### 45 मिनट की कड़ी मशक्क्त के बाद चालू हुए सीसीटीवी

स्ट्रांग रूम के कैमरे बंद होने की सूचना लगते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ऑपरेटर की मदद से 45 मिनट की मशक्कत के बाद बंद सीसीटीवी चालू करवाया। उन्होंने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से कुछ कैमरे बंद हो गए थे। चालू करवा दिए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पर्याप्त बल लगा है। कांग्रेस-बीजेपी के एजेंट भी संतुष्ट है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी के सी बोपचे ने बताया कि आकाशीय बिजली की वजह से तकनीकी खराबी आने के कारण एलइडी स्क्रीन बंद हो गई थी जिसे ठीक करवा लिया गया है।

## नाम परिवर्तन

मैं रफत ताज निवासी म.न. 747, गली न. 7, अहमद अली कॉलोनी, ऐशबाग स्टेडियम, हुजुर, सिकंदरी सराय, भोपाल, म.प्र. कथन करती हूं कि मैंने अपने दस्तावेजों में पति का नाम लईक उल्ला खान से लईक उल्ला परिवर्तन करा लिया है।

## VACANCY-2024

Navankur Vidyapeeth

ENGLISH MEDIUM - HIGHER SECONDARY SCHOOL
GANJ BASODA DISTT. VIDISHA (M.P.) - 464221

vacancies for English Medium

| Vacancies | Post | Subjects |
|---|---|---|
| Lecturer | 05 | Physics / Chemistry / Maths / English/Economics (P.G. in concerning Subject & B.ed.) |
| UDT | 04 | English / Sanskrit / Maths / Science (Graduation with Concerning subjet & B.ed.) |
| LDT | 06 | All Subjects (10+2 with B.ed. / D.ed.) |
| Computer Teacher - 01 (10+2 with PGDCA/DCA) | | |

Trained and experienced candidates will be preferred.
Application will be accepted in prescribed proforma.

No form fee required. Last date - 25-05-2024

Navankur Bhawan, Bareth Road, GANJ BASODA, Distt. Vidisha (M.P.) Tel. : 07594-221066
Off. Time - 9:00 A.M. to 12:00 P.M. Principal

## श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि प्रोफेसर श्री लोकेश बाजपेयी का देहावसान दिनांक 1 मई 2024 को हो गया है। अतः दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा दिनांक - 13 मई 2024, सोमवार दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक रखी गई है।
स्थान- अभिनंदन गार्डन, अहमदपुर रोड, विदिशा

:शोकाकुल:
भाई- मानवेंद्र बाजपेयी, वीरेन्द्र बाजपेयी
पत्नी- वनिता बाजपेयी
पुत्र- निपुण, निष्णात बाजपेयी एवं समस्त परिजन
मोबाइल : 9407274638, 6260097219

स्व. प्रोफेसर श्री लोकेश बाजपेयी

## षष्टम पुण्य स्मरण



परिवार जिसका मंदिर था,
स्नेह जिसकी शक्ति थी,
परिश्रम जिसका कर्तव्य था,
परमार्थ जिसकी भक्ति थी।

ऐसी पवित्र आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती आशा सक्सेना
ब्रहम्लीन- 11.05.2018

षष्टम पुण्यस्मरण पर हमारी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि सादर समर्पित है।

श्रद्धावनत: डॉ. सूर्यप्रकाश सक्सेना (पूर्व विधायक) (पति), श्रीमती मधु-धीरेन्द्र कुमार सक्सेना (देवरानी-देवर), श्रीमती रीता-आर्येन्द्रकुमार सक्सेना रि.ज.हाई कोर्ट (देवरानी-देवर), श्रीमती डॉ.विमलेश अधोलिया (भाभी), श्रीमती संगीता-इंजी. अमित सक्सेना (पुत्रवधु-पुत्र), डॉ. कनक सक्सेना (पुत्री), श्रीमती सानिया वर्मा-मयंक वर्मा (पौत्री-दामाद), यशवर्धन सक्सेना (पौत्र), समायरा वर्मा (प्रपौत्री), एवं समस्त स्नेहीजन विदिशा (म.प्र.)